RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष: 11 अंक: 88 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, गुरूवार, 24 सितंबर 2026 | मूल्य: 4 रुपए | पृष्ठ: 08

## ब्रीफ न्यूज

### यूपी में डीजे के शोर से स्कूल में पढ़ रही छात्रा की मौत

**बलरामपुर नगर, आरएनएन।** यूपी में बलरामपुर नगर से हैरान कर देने वाला मामले सामने आया है। गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे की कथित तेज आवाज से स्कूल में पढ़ रही दूसरी कक्षा की एक छात्रा बेहोश हो गई। इस मासूम छात्रा ती मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने बताया कि बच्ची की मौत का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस के मुताबिक, शिक्षकों ने तत्काल बच्ची को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस घटना के बाद नगर पालिका सभागार में सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में नगर में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया।

### नीट पेपर लीक मामले में आरोपी के बेटे पर दो साल की रोक



**नई दिल्ली, आरएनएन।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने लातूर के एक कोचिंग सेंटर के मालिक और पेपर लीक मामले के आरोपी शिवराज मोटेगांवकर के बेटे को नीट-यूजी परीक्षा देने से दो साल के लिए रोक दिया। एनटीए के एक आधिकारिक पत्र के अनुसार, मोटेगांवकर के बेटे आदित्य को नीट-यूजी 2027 की परीक्षा देने के लिए भी अयोग्य घोषित कर दिया गया। नीट-यूजी पेपर लीक मामले में शिवराज को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

### मणिपुर में कुकी-नगा के बीच भारी गोलीबारी, एक की मौत

**इंफाल, आरएनएन।** मणिपुर फिर जल उठा है। कांगपोकपी और नोनी जिलों के विभिन्न कुकी और नगा गांवों में बुधवार तड़के भारी गोलीबारी और हमलों की खबर सामने आई। इस दौरान क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों की मरम्मत के लिए जा रहे 36 वर्षीय बिजली लाइनमैन की गोलीबारी की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं नोनी जिले के ताजेकाइफुन नगा गांव में भी बुधवार सुबह हमले की खबर स्थानीय सूत्रों से मिली। यहां मुक्ति पार्ट-वी में दो दर्जन घरों को कथित तौर पर आग के हवाले किए जाने और उनके पूरी तरह जलकर राख हो जाने की प्रारंभिक सूचना है।

### दो पुजारी, पत्नी और बेटे का हत्यारा एनकाउंटर में ढेर

**आजमगढ़, आरएनएन।** यूपी के आजमगढ़ में पत्नी, दो पुजारियों और बेटे की हत्या के आरोपी अरविंद सिंह की पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई। करीब आठ घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पुलिस ने आरोपी को मार गिराया। इस दौरान तीन बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया। वाराणसी जोन के एडीजी नवीन अरोड़ा के अनुसार, पुलिस करीब सात घंटे तक आरोपी से बच्चों को छोड़ने के लिए बातचीत करती रही, लेकिन वह लगातार सुबह तक इंतजार करने की बात कहता रहा। अचानक घर के अंदर से गोली चलने की आवाज आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अरविंद सिंह घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पहले अपनी पत्नी, घर आए दो पुजारियों और अपने बेटे की हत्या की थी।

### जयपुर के मर्सिडीज वर्कशॉप में लगी आग, 8 कारें जलकर खाक

**जयपुर, आरएनएन।** जयपुर के सीतापुरा इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मर्सिडीज के एक वर्कशॉप में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और वर्कशॉप के अंदर खड़ी लग्जरी कारों के साथ-साथ महंगे पार्ट्स और कार एसेसरीज को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल की करीब आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल इस घटना में किसी जनहानि की जानकारी सामने नहीं आई है।

### ऑनलाइन अशांति फैलाने वाली सामग्री से जुड़ी याचिका खारिज

**नई दिल्ली, आरएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन सांप्रदायिक अशांति फैलाने वाली सामग्री हटाने की याचिका खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से कहा कि ऐसे व्यक्तियों को महत्व न दें और संबंधित अधिकारियों के सामने अपनी शिकायतें रखें। इस याचिका में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कंटेंट हटाने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सांप्रदायिक अशांति फैलाने और राष्ट्रीय अखंडता के खतरे से संबंधित सभी ऑनलाइन सामग्री हटाने का केंद्र और सोशल मीडिया मंचों को निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी।

---

▶ पीठ ने बीसीआई को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा

# सुप्रीम कोर्ट करेगा अब लॉ कॉलेजों पर बीसीआई के अधिकार की जांच

## कोर्ट ने पूछा- कानूनी शिक्षा को नियंत्रित करने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया विशेषज्ञ संस्था कैसे?

● नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के लॉ कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की कानूनी शिक्षा को नियंत्रित करने के अधिकार पर सवाल उठाते हुए मामले की कानूनी जांच करने का फैसला किया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने बीसीआई को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने मौखिक टिप्पणी में पूछा कि बीसीआई लॉ कॉलेजों को किस आधार पर नियंत्रित कर सकती है। उन्होंने कहा कि यह जांचना होगा कि क्या बीसीआई के पास विश्वविद्यालयों और कानून



कॉलेजों को नियंत्रित एवं विनियमित करने की शक्ति है। कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि कानूनी शिक्षा के नियमन के लिए बीसीआई को विशेषज्ञ संस्था कैसे माना जा सकता है।

### पाठ्यक्रम और संस्थानों के संचालन में अंतर

पीठ ने संकेत दिया कि कानून के पाठ्यक्रम, कोर्स की अवधि और सामान्य शैक्षणिक मानक तय करने के लिए कानून के विशेषज्ञों और शिक्षाविदों की भूमिका हो सकती है। कोर्ट के अनुसार, सामान्य दिशानिर्देश तय करना और किसी शिक्षण संस्थान के संचालन पर सीधे नियंत्रण रखना अलग-अलग विषय हैं। बीसीआई की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एएनएस नादेकरणी ने उसके अधिकारों का बचाव किया। उन्होंने दलील दी कि संबंधित कानूनी प्रावधानों से बीसीआई की शक्तियां स्पष्ट होती हैं और मेडिकल शिक्षा के नियमन का उदाहरण भी दिया।

### बीसीआई से जुड़े ट्रस्ट पर भी सवाल

याचिकाकर्ता की ओर से प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि बीसीआई से जुड़े ट्रस्ट ने गोवा और आंध्र प्रदेश में लॉ संस्थान स्थापित किए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि इन संस्थानों की कार्यकारी परिषद में बीसीआई के नामित सदस्यों की बड़ी संख्या है। बीसीआई की ओर से अदालत को बताया गया कि ट्रस्ट के संबंध में नया प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसके तहत किसी व्यक्ति को आजीवन ट्रस्टी नहीं बनाया जाएगा और बीसीआई में उसकी सदस्यता समाप्त होने के साथ ट्रस्ट में उसका कार्यकाल भी खत्म हो जाएगा।

### पटना हाईकोर्ट के विवादित फैसले पर एससी ने लिया स्वतः संज्ञान

महिला की सलवार उतारने की कोशिश और उसके सीने को दबाने की घटना को बलात्कार के प्रयास का अपराध न मानने वाले पटना हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले की कुछ टिप्पणियों को आपत्तिजनक बताया है। मामले में आरोपी का पक्ष सुनने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पीठ में सीजेआई सूर्यकांत के साथ न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना शामिल हैं। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने बिहार के एडवोकेट जनरल एसडी संजय से आरोपी तक नोटिस पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए स्थानीय पुलिस की मदद लेने का निर्देश दिया गया है।

**क्या कहा था हाईकोर्ट ने...** : पटना हाईकोर्ट ने कहा था कि घटना से महिला की गरिमा भंग करने का अपराध बनता है, लेकिन बलात्कार के प्रयास का अपराध साबित नहीं होता। अदालत के अनुसार, बलात्कार के प्रयास को साबित करने के लिए ऐसी स्पष्ट गतिविधि या कृत्य होना चाहिए, जिससे बलात्कार करने की मंशा सामने आए।

**सुओ मोटो का मतलब**: सुओ मोटो लैटिन शब्द है, जिसका अर्थ है अपनी पहल पर। जब कोई अदालत बिना औपचारिक याचिका या शिकायत के खुद किसी मामले का संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू करती है, तो इसे सुओ मोटो कार्रवाई कहा जाता है। अब सुप्रीम कोर्ट मामले में आरोपी और राज्य सरकार का पक्ष सुनेगा। इसके बाद हाईकोर्ट के फैसले और उसमें की गई टिप्पणियों पर आगे की न्यायिक कार्रवाई तय होगी।

---

मनमानी की रिपोर्ट पर ईसी ने तोड़ी चुप्पी

# सर्वसम्मति से लिए गए SIR के सारे फैसले

## चुनाव आयोग ने चुनाव आयुक्तों के बीच मनमुटाव की बात को किया खारिज

● नई दिल्ली / आरएनएन



वोटर लिस्ट शुद्धिकरण यानी कि एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग एकबार फिर विपक्ष के निशाने पर आ चुका है।

अंग्रेजी अखबार की एक रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान दो चुनाव आयुक्तों ने कई बार एसआईआर से जुड़े फैसलों पर आपत्ति दर्ज कराई थी। विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांग रहा है। वहीं, चुनाव आयोग ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग का कहना है कि कोई भी विरोधाभास नहीं है। सारे फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में कम से कम 14 बार उन फैसलों और आदेशों पर आपत्ति जताई जो उनकी जानकारी के बिना जारी किए गए थे।

### टीएमसी के सांसद ने की सीईसी के खिलाफ महाभियोग की मांग

इस रिपोर्ट के बाद विपक्षी दल नाराज हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद डेरेक ओ''ब्रायन ने बुधवार को संसद से आग्रह किया कि वे उस नोटिस ऑफ मोशन को सामने लाएं, जिस पर 60 से ज्यादा विपक्षी राज्यसभा सांसदों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग करते हुए हस्ताक्षर किए थे। एक्स पर एक पोस्ट में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की अपनी मांग को फिर से दोहराया। उन्होंने कहा, पांच महीने पहले 60 राज्यसभा सांसदों ने राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर ज्ञानेश कुमार को हटाने का प्रस्ताव पेश किया था। आज बड़ी खबर सामने आई कि दो चुनाव आयुक्तों ने सीईसी के कई कामों पर आपत्ति जताई थी। अब समय आ गया है कि आज राज्यसभा में उस प्रस्ताव को लाया जाए। लोकतंत्र को बचाने के लिए सीईसी पर महाभियोग चलाया जाए।

---

## जमुई कांड के आरोपी हरेराम यादव पर हमला

### पेशी के दौरान वकील ने जड़ा थप्पड़

● पटना

जमुई कांड के आरोपी हरेराम यादव की बुधवार को कोर्ट में पेशी हुई। पेशी बाद जब पुलिस उसे कोर्ट से वापस लेकर जा रही थी, तभी परिसर में मौजूद एक वकील ने उसे थप्पड़ मार दिया। जानकारी के मुताबिक, आरोपी हरेराम यादव जैसे ही कोर्ट से बाहर निकल रहा था, उसी दौरान वकील आकाश पांडे उसके पास पहुंचा और अचानक उसे थप्पड़ जड़ दिया. घटना के दौरान मौके पर पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। बता दें कि बीते 19 सितंबर को बिहार के जमुई में नाबालिग लड़की से बदसलूकी की घटना हुई थी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी बताए जा रहे नंदन यादव और हरेराम यादव को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट से ममता की टीएमसी को बड़ा झटका

### बागी सांसद मामला

**नई दिल्ली, आरएनएन।** तृणमूल कांग्रेस के ममता बनर्जी खेमे को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है।

सर्वोच्च अदालत ने टीएमसी के 20 बागी सांसदों को अयोग्य ठहराए जाने की पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी की मांग वाली याचिका पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को फैसला लेने के लिए कोई समय-सीमा नहीं निर्धारित की है। मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सिर्फ यह मौखिक टिप्पणी की कि लोकसभा स्पीकर से उम्मीद की जाती है कि वह अयोग्यता वाली अर्जी पर जल्द स्पीकर से इस मामले में समय-सीमा के अंदर फैसला लेने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने यह रिट याचिका डाली है, जिसपर तीन जजों की बेंच में सुनवाई चल रही है।

## नंदीग्राम उपचुनाव : बीजेपी प्रत्याशी के हलफनामे में सामने आई गड़बड़ी

### कांग्रेस ने की जांच की मांग



**कोलकाता, आरएनएन।** पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम उपचुनाव में बीजेपी की उम्मीदवार हसिरानी रथ के हलफनामे में एक बड़ी गड़बड़ी सामने आई है।

उन्होंने अपनी उम्र 60 साल से ऊपर बताई है, लेकिन साथ ही यह भी लिखा है कि उन्होंने दसवीं की परीक्षा 1965 में पास की थी। यानी अगर उनकी उम्र सिर्फ 60 साल है, तो 1965 में तो उनका जन्म भी नहीं हुआ था। इस पूरे मामले को लेकर अब कांग्रेस ने चुनाव आयोग से जांच की मांग की है। कोलकाता से मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हसीरानी रथ ने अपने नामांकन के हलफनामे में जन्म तारीख नहीं दी है। वहीं पढ़ाई के कॉलम में उन्होंने बताया है कि उन्होंने चौखाली गंगा पद्मा मिलन कन्या विद्यापीठ (एचएस) से दसवीं की परीक्षा पास की और इसका साल 1965 लिखा है।

अब सवाल यह है कि अगर 2026 में उनकी उम्र 60 साल है, तो उनका जन्म साल करीब 1966 बनता है, यानी दसवीं पास करने के एक साल बाद। वहीं अगर उनकी उम्र 65 साल मान ली जाए, तो जन्म साल 1961 होगा, जिसका मतलब यह होगा कि उन्होंने सिर्फ चार साल की उम्र में दसवीं पास कर ली। राज्य कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टी इस मामले को चुनाव आयोग के सामने उठाएगी और जांच की मांग करेगी।

---

## मोबाइल देख पेपर दे रहा था साहिल, तभी पहुंचे प्रोफेसर

### आईआईटी बॉम्बे के एग्जाम सेंटर का सीसीटीवी आया सामने

**मुंबई, आरएनएन।** आईआईटी बॉम्बे में छात्र साहिल वाकोड़े की आत्महत्या केस में एक नया और अहम मोड़ आ गया है। मीडिया के हाथ परीक्षा केंद्र का सीसीटीवी फुटेज लगा है, जो घटना वाले दिन की पूरी इनसाइड स्टोरी बयां कर रहा है।

सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि परीक्षा हॉल में बैठकर साहिल अपने मोबाइल का इस्तेमाल कर रहा था। आरोप है कि, साहिल मोबाइल फोन से प्रश्न पत्र को आर्टिफिशिअल इंटेलिजेंस टूल चैट जीपीटी पर अपलोड करने की कोशिश कर रहा था। आरोप है कि जब साहिल अपने फोन पर चैटजीपीटी के जरिए पेपर सॉल्व या अपलोड कर रहा था, उसी दौरान परीक्षा हॉल में ड्यूटी पर तैनात प्रोफेसर सूर्य नारायण डूला की नजर उस पर पड़ गई। प्रोफेसर तुरंत साहिल के पास पहुंचे और उसका मोबाइल देखने के बाद उसे अपनी सीट से उठने को कहा। फुटेज के अंतिम हिस्से में देखा जा सकता है कि प्रोफेसर डूला छात्र साहिल को परीक्षा हॉल से बाहर ले जा रहे हैं।

## CEC-EC नियुक्ति कानून पर संविधान पीठ करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली, आरएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से जुड़े 2023 के कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को संविधान पीठ के समक्ष भेज दिया है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ में मामले को बड़ी पीठ के पास भेजने के मुद्दे पर अलग-अलग राय सामने आई। केंद्र सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 145(3) के तहत मामले को बड़ी पीठ के समक्ष भेजने का आग्रह किया था। दो सदस्यीय पीठ के बंटे फैसले के बाद मामले को उचित संख्या वाली संविधान पीठ के गठन के लिए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के समक्ष रखने का निर्देश दिया गया। पीठ ने कहा कि मामले को पहले तीन सदस्यीय पीठ के पास भेजने की प्रक्रिया से और देरी हो सकती है। जस्टिस दत्ता ने याचिकाकर्ताओं की उस दलील का भी उल्लेख किया, जिसमें चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को सरकार के नियंत्रण से स्वतंत्र रखने की बात कही गई है।

---

स्मृति ईरानी समेत कई नेताओं को दो-दो राज्यों की जिम्मेदारी

# बिप्लब कुमार बने एमपी बीजेपी के प्रभारी, रेखा को बनाया सह प्रभारी

## भाजपा ने 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए नए प्रभारी और सह प्रभारियों के नामों का किया ऐलान

● नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने संगठनात्मक नियुक्तियों में बदलाव करते हुए त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य बिप्लब कुमार देब को मध्य प्रदेश का नया प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं, उत्तर प्रदेश से आने वाली सांसद और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा को सह प्रभारी बनाया गया है। नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

मप्र में अब तक डॉ. महेंद्र सिंह प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। नई नियुक्ति के साथ बिप्लब कुमार देब को प्रदेश संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। देब मार्च 2018 से मई 2022 तक त्रिपुरा के मुख्यमंत्री रहे। इसके बाद वे राज्यसभा पहुंचे और 2024 के लोकसभा चुनाव में त्रिपुरा पश्चिम सीट से निर्वाचित हुए। रेखा वर्मा उत्तर प्रदेश की धौरहरा लोकसभा सीट से दो बार सांसद रह चुकी हैं। वर्तमान में वे भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। पार्टी संगठन में लंबे अनुभव को देखते हुए उन्हें मध्य प्रदेश में सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। बता दें कि भाजपा ने 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए बुधवार को अपने नए प्रभारी व सह प्रभारियों ऐलान कर दिया है।

### कई राज्यों में बदले प्रभारी

**भाजपा** की नई सूची में स्मृति ईरानी को हरियाणा और छत्तीसगढ़, राम माधव को तमिलनाडु और उत्तराखंड तथा हरीश द्विवेदी को बिहार और कर्नाटक का प्रभारी बनाया गया है। सुनील बंसल को तेलंगाना और पश्चिम बंगाल की जिम्मेदारी मिली है। डॉ. सतीश पूनिया को पंजाब और जम्मू-कश्मीर का प्रभारी बनाया गया है। उत्तर प्रदेश में विनोद तावड़े को प्रभारी बनाया गया है, जबकि उनके साथ चार सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। महाराष्ट्र में बैजयंत जय पांडा प्रभारी होंगे और अमित मालवीय, सदानंद शेट तनवाडे तथा कमलजीत सहरावत सह प्रभारी बनाए गए हैं। गुजरात में तरुण चुघ को प्रभारी एवं अजय महावर और गोमती साई को सह प्रभारी बनाया गया है। राजस्थान में संजय भाटिया को प्रभारी तथा कविता पाटीदार और कुलजीत चहल को सह प्रभारी बनाया गया है।

### मिशन 2028 पर फोकस

**मप्र** में अगले विधानसभा चुनाव को देखते हुए नए प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी के सामने संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी होगी। पार्टी की ओर से प्रदेश के संगठनात्मक कामकाज और आगामी गतिविधियों के लिए नई टीम के साथ काम किया जाएगा। प्रदेश प्रभारी का प्रमुख काम केंद्रीय और राज्य संगठन के बीच समन्वय स्थापित करना तथा संगठनात्मक गतिविधियों की निगरानी करना होता है। साथ ही प्रदेश में संगठन को मजबूत करने और पार्टी की सरकार होने की स्थिति में सत्ता एवं संगठन के बीच समन्वय बनाए रखने में भी उनकी भूमिका रहती है।

---

# बंगाल की खाड़ी में बना डीप डिप्रेशन

## आज ओडिशा-आंध्र तट से टकराएगा चक्रवाती तूफान, कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट, ओडिशा के स्कूलों में छुट्टी

● नई दिल्ली / आरएनएन

बंगाल की खाड़ी में बना गहरा अवदाब बुधवार को तेजी से आगे बढ़ते हुए उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा के तटों की ओर बढ़ रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार यह सिस्टम बुधवार रात तक विशाखापत्तनम और गोपालपुर के बीच, कलिंगपट्टनम के पास तट को पार कर सकता है।

यदि यह पूर्ण चक्रवाती तूफान का रूप लेता है तो इसका नाम अर्नब होगा, जो बांग्लादेश द्वारा दिया गया नाम है। मौसम विभाग के अनुसार यह सिस्टम पिछले छह घंटों में 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम दिशा की ओर बढ़ा। बुधवार सुबह साढ़े 5 बजे यह कलिंगपट्टनम से करीब 70 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व, गोपालपुर से 150 किलोमीटर दक्षिण और विशाखापत्तनम से 150 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में केंद्रित था। लैंडफॉल के समय तटीय इलाकों में 65 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और



भारी से अत्यंत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। ओडिशा में खुर्दा, गंजाम और गजपति जिलों में गुरुवार तक स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रखने का आदेश दिया गया है। गंजाम-कंधमाल को जोडने वाला कलिंगा घाट मार्ग बंद कर दिया गया है, वहीं चिल्का झील में फेरी सेवा भी 25 सितंबर तक स्थगित रहेगी। सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द की गई हैं और मछुआरों को समुद्र में न जाने की हिदायत दी गई है।

# राष्ट्रपति बोलीं- हानिकारक उत्पादों का प्रचार नहीं करें

## द्रौपदी मुर्मू की फिल्मी सितारों से अपील

● नई दिल्ली / आरएनएन



72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकप्रिय फिल्म कलाकारों से स्वास्थ्य के लिए हानिकारक उत्पादों के प्रचार से बचने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सेलिब्रिटीज का बच्चों और युवाओं की पसंद और आदतों पर गहरा प्रभाव पड़ता है, इसलिए उन्हें अपने प्रभाव का इस्तेमाल जिम्मेदारी से करना चाहिए।गुजरात के एकता नगर में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि जब सफल कलाकार अनुशासित जीवनशैली के लाभों के बारे में बात करते हैं तो लाखों बच्चे और युवा उन्हें फॉलो करते हैं। उन्होंने लोकप्रिय कलाकारों से ऐसे उत्पादों का प्रचार नहीं करने का आग्रह किया, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। मुर्मू ने कहा, मैं यह अनुरोध करना चाहूंगी कि लोकप्रिय कलाकार स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थों का एंडोर्समेंट न करें। स्टार वही है, जो रोशनी फैलाए, अंधेरा नहीं।

## झोलाछाप डॉक्टरों के मामले में विभाग की खानापूर्ति!

# खबर प्रकाशित होने के बाद जांच कमेटी गठित, कार्रवाई कब होगी

### जहाजपुर में कथित झोलाछापों के खिलाफ शिकायत पर विभाग का आदेश, चार सदस्यीय कमेटी गठित कर मांगी तथ्यात्मक रिपोर्ट

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर।** क्षेत्र में कथित झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ प्रकाशित खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच कमेटी गठित करने का आदेश जारी किया है। समाचार पत्र स्मार्ट हलचल में खबर प्रकाशित होने के बाद 22 सितंबर 2026 को भीलवाड़ा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से जांच के आदेश जारी किए गए। लेकिन सवाल यह है कि क्या विभाग की कार्रवाई महज कागजी खानापूर्ति तक सीमित रहेगी या फिर धरातल पर भी कोई ठोस कार्रवाई देखने को मिलेगी? कार्यालय आदेश में समाचार पत्र में




प्रकाशित खबर 'चारपाई पर दिए... जहाजपुर में कथित झोलाछापों का बेखौफ कारोबार!' के प्रकरण की जांच कर तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें उप निदेशक कार्यालय हाजा, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी जहाजपुर, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी उप जिला चिकित्सालय जहाजपुर तथा औषधि नियंत्रण अधिकारी भीलवाड़ा को शामिल किया गया है।

**खबर के बाद आदेश, लेकिन कार्रवाई का इंतजार**

झोलाछाप डॉक्टरों के कथित कारोबार को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। यदि बिना आवश्यक योग्यता या अनुमति के चिकित्सा सेवाएं देने की शिकायत सामने आती है, तो स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी केवल कमेटी गठित करने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमों के अनुसार कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट करना भी जरूरी है। विभाग की ओर से जांच कमेटी गठित करने का आदेश तो जारी कर दिया गया, लेकिन अब देखने वाली बात यह होगी कि कमेटी मौके पर जाकर जांच करती है या फिर जांच रिपोर्ट भी सरकारी फाइलों तक ही सीमित रह जाती है। आमजन के स्वास्थ्य से जुड़े इस मामले में विभाग को जांच की प्रगति और कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए, ताकि लोगों का स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भरोसा बना रहे।

**विभाग से सीधे सवाल**

क्या कथित झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ मौके पर जाकर वास्तविक जांच की जाएगी?
क्या बिना वैध योग्यता अथवा अनुमति के चिकित्सा कार्य करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई होगी?
क्या जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट समयबद्ध तरीके से प्रस्तुत करेगी?
क्या विभाग जांच के बाद की कार्रवाई की जानकारी आमजन को देगा?
आखिर कब तक शिकायतों और खबरों के बाद केवल कमेटियां गठित होती रहेंगी? अब सवाल सिर्फ जांच कमेटी बनाने का नहीं, बल्कि जांच के परिणाम और ठोस कार्रवाई का है। स्वास्थ्य विभाग को यह स्पष्ट करना होगा कि आमजन की सुरक्षा के मामले में कार्रवाई कागजों तक सीमित रहेगी या धरातल पर भी नजर आएगी।

## ट्रेलर व बाइक में जोरदार टक्कर, पति की मौत, पत्नी बाल-बाल बची



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर** / नेशनल हाईवे 758 पर कुड़ी चौराया के पास पेट्रोल पंप के सामने बुधवार रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें ट्रेलर व? बाइक में जोरदार टक्कर हो गई, इस हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी इस हादसे में बाल-बाल बच गई, सूचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके परपहुंची ।कांस्टेबल मुकेश

कुमार में बताया कि नेशनल हाईवे 758 पर कुड़ी चौराया के पास पेट्रोल के सामने बिगोद से भीलवाड़ा की तरफ जा रहे ट्रेलर व भीलवाड़ा से बिगोद की तरफ जा रही बाइक में जोरदार टक्कर हो गई, टक्कर के बाद बाइक सवार सहित बाइक ट्रेलर के नीचे फंस गया और पत्नी उछलकर दूर जाकर गिरी, इस हादसे में बाइक चालक जगदीश पिता लादू लाल तेली उम्र 60 वर्ष निवासी होड़ा, मांडलगढ़ के मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी मोड़ी देवी इस हादसे में बाल बाल बच गई, सूचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, मृतक के शव को कोटड़ी चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया, जहां कल गुरुवार सुबह शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा । दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों व ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई ।।

## धामनिया की दोनों 17 व 19 आयु वर्ग की छात्र टीम मलखंभ प्रतियोगिता में रही उपविजेता

### चार छात्रों का हुआ राज्य स्तर पर चयन

स्मार्ट हलचल



**काछोला** 23 सितम्बर क्षेत्र के धामनिया पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्र छात्रा टीम ने 70 वीं जिला स्तरीय छात्र छात्रा मलखंभ प्रतियोगिता चिड़खेड़ा सहाड़ा में आयोजित हुई।जिसमें पीएम श्री धामनिया का 17 व 19 आयु वर्ग के छात्रों का द्वितीय स्थान रहा और टीम के शिवराज नाथ योगी, राजवीर साहू और अमिता जाट का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता फलोदी जोधपुर के लिए हुआ और जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रशिक्षक वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक बाबू लाल खटीक, टीम प्रभारी नंद लाल प्रजापत ने बताया कि धामनिया टीम के चार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर पर हुआ है,जो राज्य स्तर पर फलोदी जोधपुर में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। टिम के उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर प्रधानाचार्य हीरा लाल शर्मा,जगदीश मंत्री,प्रकाश चतुर्वेदी,राजकुमार चौधरी,देवी लाल गुर्जर,महावीर वैष्णव सहित आदि ने खुशी व्यक्त की।

### खबर का असर, लेकिन गड्ढों में मिट्टी डालकर लीपापोती

## देवरी-कुरेड़ा सड़क पर गड्ढों में डाली मिट्टी, ग्रामीणों ने उठाए सवाल

स्मार्ट हलचल

**पीपल** । देवरी से कुरेड़ा जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर खबर प्रक ।शित होने के बाद जिम्मेदारों



की ओर से सड़क के गड्ढों में मिट्टी डालकर लीपापोती कर दी गई। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की वास्तविक मरम्मत के बजाय गड्ढों में केवल मिट्टी डालने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खबर प्रकाशित होने के बाद गड्ढों में मिट्टी डाली गई, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि बारिश या वाहनों की आवाजाही के बाद यह मिट्टी फिर निकल सकती है। ग्रामीणों ने सड़क की स्थायी मरम्मत कर गड्ढों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से भरने और सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि केवल मिट्टी डालकर औपचारिकता पूरी करने के बजाय सड़क की स्थिति को देखते हुए पक्की मरम्मत कराई जानी चाहिए।

## अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति प्रतिमाओं का होगा विशाल जुलूस के साथ विसर्जन 25 को

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के तत्वाधान गणपति स्थापना के साथ ही 12 दिवसीय गणेश महोत्सव की धूम अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर को विशाल शोभा यात्रा के साथ गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन होगा समिति अध्यक्ष उदय लाल समदानी ने बताया कि 25 सितंबर को दोपहर मे अपने-अपने क्षेत्रो से गणपति की शोभायात्राएं बैंड बाजो ढोल नगाड़ो के साथ साय 4:30 बजे राजेंद्र कुमार स्कूल पहुंचेगी यहां से हाथी घोड़ा माइक एवं बैन्डबाजो के साथ विशाल स्तर पर धूम धड़ाके के साथ गजानंद की विभिन्न जाकियों के साथ विशाल शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से निकाली जाएगी जो राजेंद्र मार्ग विद्यालय से प्रारंभ होकर मुरली विलास रोड, रेलवे स्टेशन, गोल प्याऊ चौराहा, महाराणा टॉकीज सर्राफा



मार्केट होते हुए बड़ा मंदिर पहुंचेगी जहां से बहाला होते हुए तेजाजी चौक तालाब के यहां पहुंचेगी शोभा यात्रा का विभिन्न संस्थाओं द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा की जाएगी रेलवे स्टेशन पर 5:15 बजे शहर के प्रमुख संतो महामंडलेश्वर द्वारा हरी झंडी दिखा कर शोभा यात्रा को रवाना किया जाएगा गणेश चतुर्थी से शुरू गणेश महोत्सव 12 दिवसीय अपने आयोजन के बाद गणपति का विसर्जन दो स्थानो जिसमें कॉइन हाउस हरनी महादेव रोड एवं मानसरोवर झील पर बनाए गए विशालकाय कुंड में शुद्ध जल में विसर्जन किया जाएगा कुंड में स्वच्छ पानी डालकर उसमें गुलाब जल गोमूत्र डालकर शुद्धिकरण किया जाएगा इससे पूर्व तेजाजी चौक तालाब के विशाल वट वृक्ष के नीचे चबूतरे पर सभी गणपति प्रतिमाओं को विराजित करा कर महा आरती की जाएगी इसी दिन घरों एवं प्रतिष्ठानों पर लगाई गई छोटी गणपति की प्रतिमाएं भी निजी स्तर पर इन कुंडो में विसर्जित की जाएगी विशाल शोभायात्रा को लेकर आज सिटी कंट्रोल रूम में सीओ सिटी सज्जन सिंह के नेतृत्व में मीटिंग आयोजित की गई जिसमें लाइट पानी एवं रूट की व्यवस्था देखी गई इस अवसर पर भीमगंज थाना अधिकारी सुनील चौधरी , गांधीनगर थानाधिकारी पुष्पा कसौटिया प्रताप नगर थाना अधिकारी सुनील ताड़ा एवं दिलजीत सिंह विशेष शाखा उपस्थित थे साथ ही शहर में विशाल गणेश महोत्सव मनाने वाली समितियां माणिक्य नगर, पटेल नगर ,सीरकी मोहल्ला , भवानी नगर जवाहर नगर आदि के कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं

## पीथास में जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

स्मार्ट हलचल

सवाईपुर :- सवाईपुर क्षेत्र के बड़ला ग्राम पंचायत के पीथास गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को 7 0 वीं जिला स्तरीय 14 वर्ष छात्र/छात्रा तीरंदाजी प्रतियोगिता का उद्?घाटन जहाज़पुर
कोटड़ी विधायक गोपीचन्द मीणा के द्वारा किया गया । प्रधानाध्यापक सुनील डीडवाना ने बताया कि विद्यालय में 17 वीं जिला स्तरीय 14 वर्ष छात्र-छात्रा तीरंदाजी प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को हुआ, इस प्रतियोगिता में कुल 17 टीमों के 62 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 11 टीम में छात्र वर्ग व 6 टीमें छात्रा वर्ग की रही । कार्यक्रम के मुख्य



अतिथि विधायक गोपीचंद मीणा रहे । अध्यक्षता पूर्व प्रधान करण सिंह बेलवा ने की । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कन्हैयालाल जाट जिला महामंत्री, भवर लाल जाट किसान नेता रहे । विधायक मीणा ने अपने उद्?बोधन मे कहा की खेल भावना से खेल खेलते हुए खिलाड़ि?यों के आपसी मेल-जोल व सामंजस्य बढ़?ाने पर जोर दिया । साथ ही शिक्षकों से आव्हान किया कि वे बच्चों की प्रतिमा को पहचान कर सहीं अवसर प्रदान करे, ताकि वे देश का नाम रोशन करें । पूर्व प्रधान बेलवा ने उद्बोधन में लिम्बा राम तीरंदाज का उदाहरण देते हुए खिलाड़ियों को आगे बढ़?ने को प्रेरित किया । कार्यक्रम में भामाशाह लाजपतराय आचार्य, श्री कालू सिंह का भामाशाह के रूप में सम्मान किया । इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा आधिकारी कोटड़ी जगदीश नारायण मीणा, कुलदीप सिह, बजरंग लाल सैन उपस्थित रहे । बड़ला ग्राम प्रशासक शिवराज जाट ने सभी का सहयोग देने हेतु आभार व्यक्त किया ।।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर जोगणियां माता जी मेवाड़ा कलाल समाज की बैठक आज

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़।** आंतरी,उपरमाल,खेराड़ व मेवाड़ क्षेत्र के मेवाड़ा कलाल समाज की आमसभा का आयोजन आज सुबह 10 बजे से जोगणियां माता जी स्थित मेवाड़ा समाज की धर्मशाला में समाज के अध्यक्ष कन्हैया लाल मेवाड़ा की अध्यक्षता में किया जायेगा। यह आमसभा 24 सितंबर गुरुवार को सुबह 10 बजे से शुरू होगी जो अध्यक्ष की अनुमति कब अनुसार जारी रहेगी। बैठक में आगामी सामुहिक विवाह सम्मेलन की रूपरेखा, तैयारियों को अंजाम देने,विवाह सम्मेलन की कमेटियों का गठन करने,विवाह स्थल को व्यवस्थित रूप प्रदान करने,लाइट डेकोरेशन, पेयजल,भोजन प्रबंध आदि विषयों को लेकर आमसभा में विस्तार से समाजजनों द्वारा प्रस्ताव पारित किए जाएंगे व सामुहिक विवाह सम्मेलन की सभी तैयारियो को मूर्त रूप प्रदान किया जायेगा। समाज के सचिव कमलेश मेवाड़ा धामन्चा ने बताया कि आमसभा को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है व बैठक के उपरांत सभी समाजजनो के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था की गई है। सचिव मेवाड़ा ने आमसभा में सभी समाजजनों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आमसभा को सफल बनाने पर जोर दिया।

## खेलों से होता है विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास: विधायक पीतलिया



(70वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ)

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर** / खेलों से छात्रअपना सर्वांगीप विकस करें। खेल के बिना विकास संभव नहीं है। ये विचार विधायक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लादू लाल पीतलिया ने मंगलवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय माणक नगर में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा कुश्ती प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में व्यक्त किए। मुख्य अतिथि विधायक पीतलिया ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरोत्तम दाधीच ने की। विशिष्ट अतिथियों में डेलाणा प्रशासक धर्मचंद भील, राकेश शर्मा, सुरेश जाट, पूर्व प्रधानाध्यापक कैलाशचंद्र कचौलिया, भंवर बंजारा, बालमुकुंद वैष्णव, रमेश चंद्र वैष्णव और प्रकाश बंजारा , राहुल शर्मा आदि उपस्थित रहे। समारोह में राष्ट्रीय रंगकर्मी एवं पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी भवानी शंकर भट्ट द्वारा नारी सम्मान पर आधारित नाटक की प्रस्तुति ने पूरे पांडाल को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक गोपाल सालवी और बहादुर बंजारा ने किया। विभागीय प्रतिनिधि एवं पूर्व प्रधानाध्यापक नवरत्नमल सेन ने बताया कि जिले भर से कुल 168 छात्र-छात्राएं कुश्ती खिलाड़ी के रूप में प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन 26 सितंबर को होगा।

# नगर निगम महापौर एवं उपमहापौर ने किया पदभार ग्रहण, कहा - शहर को रोल मॉडल बनाएंगे...

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा नगर निगम में निर्विरोध निर्वाचित होकर इतिहास रचने वाली महापौर श्रीमती जसवंत कंवर एवं उप महापौर राधेश्याम सोमानी ने बुधवार प्रातः नगर निगम में एक सादे समारोह में पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, विधायक अशोक कोठारी, पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, नगर निगम प्रभारी वीरमदेव सिंह, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व महापौर राकेश पाठक, महापौर प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह बिलिया, वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि नगर निगम स्थित महापौर कक्ष में मुहूर्त अनुसार प्रातः 11.15 बजे महापौर श्रीमती जसवंत कंवर को पंडित आशुतोष शर्मा एवं पंडित अशोक व्यास ने विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पदभार ग्रहण कराया। इसके बाद श्रीमती जसवंत कंवर ने विभागीय औपचारिकताएं पूर्ण कर महापौर का



दायित्व संभाल लिया। वहीं उपमहापौर राधेश्याम सोमानी ने भी उपमहापौर कक्ष में विधि विधान से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता ने अटूट विश्वास जताकर नगर निगम में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई है। ये ट्रिपल इंजन सरकार जनता के विश्वास पर खरा उतरेगी। महापौर एवं उपमहापौर का निगम आयुक्त कमल सिंह यादव सहित निजी सचिव हरनारायण माली एवं अन्य अधिकारियों एवं स्टाफ ने भी स्वागत अभिनंदन किया।

**भीलवाड़ा शहर को प्रदेश में रोल मॉडल बनाएंगे - जसवंत कंवर**

महापौर जसवंत कंवर ने कहा कि भाजपा संगठन ने विश्वास करके जो



जिम्मेदारी सौंपी है उसे निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। निगम के सभी पार्षदों, संगठन, आमजन और निगम परिवार के सहयोग से भीलवाड़ा शहर को प्रदेश में रोल मॉडल बनाएंगे। शहर में विकास योजनाओं को गति देने के साथ ही आमजन की समस्याओं का समाधान पहली प्राथमिकता रहेगी।

**आमजन के लिए सहज और सुलभ उपलब्ध रहेंगे - सोमानी**

उपमहापौर राधेश्याम सोमानी ने कहा कि नगर निगम के नव निर्वाचित जन प्रतिनिधि आमजन के लिए सहज और सुलभ उपलब्ध रहेंगे। शहर की प्रमुख समस्याओं के समाधान के साथ अनेक नई योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा।

**राजा बलराज भील की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया पौधारोपण**

प्रारंभ में महापौर जसवंत कंवर एवं उपमहापौर राधेश्याम सोमानी ने निगम परिसर में स्थित सगस जी एवं हनुमान जी देव स्थल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही पदभार ग्रहण पश्चात परिसर में स्थापित भील राजा बलराज भील की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात निगम परिसर में ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, विधायक लादूलाल पीतलिया भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी, कुलदीप शर्मा, गोपाल तेली, मंजू चेचाणी, सुरेंद्रसिंह मोटरास, ललित अग्रवाल, पंकज मानसिंहका, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, महावीर समदानी, रागिनी गुप्ता, बाबूलाल आचार्य, महेंद्र नायक, आकाश मालावत, भगवत सिंह खैराबाद, मंजू पालीवाल, विजय पोखरना, ऋतुशेखर शर्मा, मुकेश सोनी, नागेन्द्र सिंह, सीपी जोशी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री राम रेस्टोरेंट में खाद्य सुरक्षा टीम की जांच, मिली कई कमियां

स्मार्ट हलचल



**अनिल खींची ब्यावर।** अजमेर रोड स्थित श्री राम रेस्टोरेंट एंड कैफे का खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत के नेतृत्व में टीम ने रेस्टोरेंट में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के साथ खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान खाद्य लाइसेंस निर्धारित स्थान पर प्रदर्शित नहीं होना, पेस्ट कंट्रोल कार्यकर्ताओं के मेडिकल सर्टिफिकेट एवं हाइजीन व्यवस्था में कमी तथा खुले डस्टबिन का उपयोग सहित अन्य कमियां सामने आईं। इस पर खाद्य सुरक्षा दल ने रेस्टोरेंट संचालक को आवश्यक सुधार करने और खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के निर्धारित मानकों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कमियों में सुधार के लिए विभाग की ओर से इम्प्रूवमेंट नोटिस प्रस्तावित किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं खाद्य सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करने की कार्रवाई लगातार जारी है। निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह चौधरी, दशरथ सिंह राठौड़ एवं विक्रम बेड़ा शामिल रहे।

# मांडलगढ़ पंचायत समिति प्रधान अनारक्षित

## मांडलगढ़ पंचायत समिति में प्रधान पद अनारक्षित ओपन, 21 वार्डों का आरक्षण भी तय; एससी के 4, एसटी के 2, ओबीसी के 4 वार्ड...

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़।** मांडलगढ़ पंचायत समिति का प्रधान पद इस बार अनारक्षित (सामान्य) ओपन वर्ग के लिए रहेगा। पंचायती राज चुनाव से पूर्व बुधवार को जिला मुख्यालय पर आरक्षण की लॉटरी निकाली गई। इसके साथ ही पंचायत समिति सदस्यों के लिए मांडलगढ़ के 21 वार्डों का आरक्षण भी तय कर दिया गया। जिले में पंचायत समिति स्तर पर आरक्षण की लॉटरी के तहत मांडलगढ़ का प्रधान पद सामान्य वर्ग ओपन आया है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध आरक्षण सूची और हस्तलिखित रिकॉर्ड में भी 21 वार्डों का आरक्षण समान दर्ज है।



मांडलगढ़ पंचायत समिति के 21 वार्डों का आरक्षण

आरक्षित वर्ग – आरक्षित वार्ड
एससी ओपन- 4, 9
एससी महिला- 2, 20
एसटी ओपन- 18
एसटी महिला- 17
ओबीसी ओपन- 14, 15
ओबीसी महिला- 10, 13
अनारक्षित ओपन- 5, 7, 8, 11, 12, 19
अनारक्षित महिला- 1, 3, 6, 16, 21

इस तरह मांडलगढ़ पंचायत समिति के कुल 21 वार्डों में 4 वार्ड एससी, 2 वार्ड एसटी, 4 वार्ड ओबीसी और 11 वार्ड अनारक्षित वर्ग में आए हैं। इनमें 10 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

वार्डवार स्थिति
वार्ड 1 – अनारक्षित महिला
वार्ड 2 – एससी महिला
वार्ड 3 – अनारक्षित महिला
वार्ड 4 – एससी ओपन
वार्ड 5 – अनारक्षित ओपन
वार्ड 6 – अनारक्षित महिला
वार्ड 7 – अनारक्षित ओपन
वार्ड 8 – अनारक्षित ओपन
वार्ड 9 – एससी ओपन
वार्ड 10 – ओबीसी महिला
वार्ड 11 – अनारक्षित ओपन
वार्ड 12 – अनारक्षित ओपन
वार्ड 13 – ओबीसी महिला
वार्ड 14 – ओबीसी ओपन
वार्ड 15 – ओबीसी ओपन
वार्ड 16 – अनारक्षित महिला
वार्ड 17 – एसटी महिला
वार्ड 18 – एसटी ओपन
वार्ड 19 – अनारक्षित ओपन
वार्ड 20 – एससी महिला
वार्ड 21 – अनारक्षित महिला

सरपंचों की लॉटरी कल
पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों में सरपंचों और वार्ड पंचों के आरक्षण के लिए लॉटरी गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में निकाली जाएगी। प्रशासन ने इसकी तैयारियां कर ली हैं। प्रदेश में पहली बार पंचायती राज चुनाव एक साथ करवाए जा रहे हैं। पहले यह लॉटरी 17 और 18 सितंबर को प्रस्तावित थी, लेकिन प्रक्रिया स्थगित होने के बाद नई तारीख निर्धारित की गई। 23 सितंबर को जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और प्रधान पदों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई, जबकि सरपंच एवं वार्ड पंचों की लॉटरी 24 सितंबर को प्रस्तावित है।

आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब पंचायती राज चुनाव की तैयारियां आगे बढ़ेंगी। राज्य सरकार ने पंचायत चुनाव प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

मांडलगढ़ पंचायत समिति : एक नजर
कुल वार्ड – 21
एससी – 4
एसटी – 2
ओबीसी – 4
अनारक्षित – 11
महिला आरक्षित वार्ड – 10
प्रधान – अनारक्षित ओपन

# सवाई माधोपुर पुलिस की दो नई पहल, अब थाने की जानकारी के लिए नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर

## लंबित परिवाद-मुकदमों की स्थिति और आईओ से संपर्क के लिए थानों के सीयूजी-लैंडलाइन नंबर होंगे उपलब्ध; रणथंभौर आने वाले पर्यटकों के लिए ऑल इंडिया टूरिस्ट हेल्पलाइन भी शुरू...

स्मार्ट हलचल

**जयपुर ।** आमजन की पुलिस तक पहुंच आसान बनाने और देश-विदेश से सवाई माधोपुर आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधा एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए सवाई माधोपुर पुलिस की ओर से दो महत्वपूर्ण पहल शुरू की जा रही हैं। पुलिस अधीक्षक सुश्री ज्येष्ठा मैत्रेयी ने बताया कि एक पहल जिले के सभी थानों से आमजन के सीधे संपर्क को आसान बनाने से जुड़ी है, जबकि दूसरी पहल पर्यटकों की सहायता के लिए ऑल इंडिया टूरिस्ट हेल्पलाइन की है।

**लंबित परिवाद और मुकदमों की जानकारी के लिए थाने के नंबर पर करें संपर्क**

पुलिस अधीक्षक सुश्री मैत्रेयी ने बताया कि जिले के सभी थानों पर सीयूजी एवं



लैंडलाइन फोन उपलब्ध हैं। इन नंबरों को आमजन के लिए उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि छोटी-छोटी जानकारी के लिए उन्हें बार-बार थाने के चक्कर न लगाने पड़ें। यदि किसी व्यक्ति का कोई परिवाद या मुकदमा लंबित है और उसे उसकी स्थिति की जानकारी लेनी है, अथवा उसे थानाधिकारी या जांच अधिकारी से संपर्क करना है या मामले से संबंधित कोई अन्य साक्ष्य उपलब्ध करवाना है, तो वह संबंधित थाने के सीयूजी अथवा लैंडलाइन नंबर पर संपर्क कर सकेगा। सुश्री मैत्रेयी ने बताया कि इन नंबरों पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क किया जा सकेगा। उन्होंने आमजन से इन नंबरों को अपने पास सुरक्षित रखने की अपील की है।

**थाने से उचित रिस्पॉन्स नहीं मिले तो जिला कंट्रोल रूम पर शिकायत**

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति को थाने के सीयूजी या लैंडलाइन नंबर पर उचित रिस्पॉन्स नहीं मिलता है, तो वह इसकी शिकायत जिला पुलिस के डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम नंबर 07462-222999 पर कर सकता है। इस पहल का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच संपर्क को अधिक सुगम बनाना तथा सामान्य जानकारी एवं लंबित मामलों से संबंधित छोटी-छोटी जरूरतों के लिए लोगों की परेशानी कम करना है।

**1 अक्टूबर से शुरू हो रहे टूरिस्ट सीजन को देखते हुए टूरिस्ट पुलिस हेल्पलाइन**

सवाई माधोपुर पुलिस की दूसरी बड़ी पहल टूरिस्ट हेल्पलाइन नंबर 07462-251251 है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 1 अक्टूबर से टूरिस्ट सीजन शुरू होने जा रहा है और देशभर से बड़ी संख्या में पर्यटक सवाई माधोपुर एवं रणथंभौर पहुंचते हैं। कई बार पर्यटकों को सवाई माधोपुर पहुंचने, पर्यटन स्थलों की जानकारी लेने या अन्य व्यवस्थाओं को लेकर परेशानी होती है। इसके अलावा सफारी बुकिंग, होटल बुकिंग अथवा अन्य मामलों में धोखाधड़ी की स्थिति भी सामने आ सकती है। ऐसी परिस्थितियों में पर्यटक सीधे 07462-251251 पर संपर्क कर सकेंगे।

**सवाई माधोपुर आने से पहले भी ले सकेंगे जानकारी**

सुश्री मैत्रेयी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति की सवाई माधोपुर आने की योजना है और उसे यह जानकारी नहीं है कि यहां कैसे पहुंचना है, कहां जाना है या किसी अन्य विषय को लेकर कोई शंका है, तो वह टूरिस्ट हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकता है। पुलिस की ओर से आवश्यक जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि इन दोनों पहलों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि आमजन के साथ-साथ देशभर से सवाई माधोपुर आने वाले पर्यटक भी इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

### ’पुनः शुरू होगा आईसीडी भीलवाड़ा,

# उद्योग एवं व्यापार जगत को मिलेगी आयात-निर्यात की बेहतर सुविधा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान स्मॉल इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी), भीलवाड़ा के पुनः संचालन के संबंध में बुधवार को आईसीडी परिसर, में व्यापारिक संवाद एवं जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य भीलवाड़ा के उद्योगों एवं व्यापारियों को आईसीडी के माध्यम से उपलब्ध होने वाली आयात-निर्यात सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना तथा उनकी आवश्यकताओं, समस्याओं एवं सुझावों पर चर्चा करना रहा। बैठक में महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र श्री राहुल देव त।श्रैप्ब्व् के अधिकारीगण, विभिन्न व्यापारिक संघों के प्रतिनिधियों सहित लॉजिस्टिक्स एवं परिवहन क्षेत्र से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधियों, कस्टम हाउस एजेंट्स तथा अन्य संबंधित व्यापार एवं लॉजिस्टिक्स हितधारकों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि आईसीडी भीलवाड़ा लगभग तीन वर्षों के अंतराल के बाद पुनः संचालित किया जा रहा है। इसके पुनः संचालन से भीलवाड़ा एवं आसपास के क्षेत्रों के उद्योगों एवं व्यापारियों को



आयात-निर्यात के लिए स्थानीय स्तर पर कंटेनर डिपो, माल हैंडलिंग, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स तथा कस्टम क्लीयरेंस संबंधी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। बैठक के दौरान कंटेनर डिपो एवं माल हैंडलिंग, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स सुविधाओं तथा कस्टम क्लीयरेंस एवं दस्तावेजीकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही स्थानीय उद्योगों एवं व्यापारियों की आवश्यकताओं, व्यापारिक समस्याओं तथा उनके संभावित समाधान के संबंध में उपस्थित हितधारकों से सुझाव प्राप्त किए गए। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि आईसीडी के पुनः संचालन का उद्देश्य भीलवाड़ा के उद्योग एवं व्यापार जगत को सुगम एवं प्रभावी आयात-निर्यात सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा क्षेत्र के व्यापार को राष्ट्रीय एवं वैश्विक बाजारों से बेहतर रूप से जोड़ना है। आईसीडी के माध्यम से क्षेत्र के निर्यातकों को अपने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा प्राप्त होगी तथा आयात-निर्यात संबंधी प्रक्रियाओं को अधिक सुगम बनाया जा सकेगा। इस अवसर पर उपस्थित व्यापारिक संघों, उद्योग प्रतिनिधियों तथा लॉजिस्टिक्स एवं परिवहन क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने आईसीडी के पुनः संचालन का स्वागत किया तथा इसके सुचारू एवं प्रभावी संचालन के संबंध में अपने सुझाव साझा किए।

### उदलीयास विद्यालय से तीन तैराकों का राज्य स्तर पर चयन

# रा. उ. मा. वि.उदलियास ने तैराकी में तीन गोल्ड मेडल सहित जीते 15 मेडल

## वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भी आशाराम ने जीता कास्य

स्मार्ट हलचल

**आकोला /** भीलवाड़ा में आयोजित 70जिलास्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदलियास ने रिकॉर्ड तोड़ते हुए कुल 15 मेडलप्राप्त किये जिसमें तीन गोल्ड मेडल , 2 सिल्वर मेडल ओर 10 कास्य मैडल जीत कर विद्यालय में गांव का नाम रोशन किया ! गोल्ड मेडल 50 मीटर 100 मीटर 200 मी बैक में साँवरमल धोबी ने जीते तथा सिल्वर मेडल 100 मीटर बैक में अंकुर तथा 50 मी बैक में दिव्या ने प्राप्त किये साथ ही कास्य मैडल 200 मीटर ब्रेस्ट में सुनील, 200 मी बैक में दिव्या, 100 मी बैक 200 मी बैक में राजश्री, 100 मी फ्री स्टाइल में लक्ष्मी तथा 4X 100 मी फ्री स्टाइल रिले में साँवर, शिव , प्रिंस, सुनील ने कुल चार मेडल प्राप्त किये! प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के साथ उनका हौसला बढ़ाते हुए सावित्री पारीक व नारायण लाल जाट ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बड़े जोश से भाग लिया

इस वर्ष राज्य स्तर पर तीन तैराकों का चयन हुआ जिसमें साँवरमल धोबी, जानू रेगर, सुमन बलाई का चयन हुआ है! राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के संस्था प्रधान मीनाक्षी शर्मा ने खिलाड़ियों की प्रशंसा की साथ ही विद्यालय स्टाफ व



ग्राम वासियों ने विद्यालय शारीरिक शिक्षक राधेश्याम वैष्णव की प्रशंसा करते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उदलीयास गांव ने तैराकी प्रतियोगिता में झंडे गाड़ दिए हैं हर वर्ष इस विद्यालय से राज्य स्तर तक खिलाड़ियों का चयन होता आया है ओर इस सत्र में भी कुल 15 मेडल प्राप्त कर तीन तैराकों का राज्य स्तर पर चयन हुआ है! उदलियास गांव में तैराकी के लिए तरण ताल नहीं होते हुए भी बच्चों का इस प्रकार का प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत और लगन को दर्शाता है ! वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में आशा राम बैरवा ने 103 किलो भार उठा कर कांस्य पदक प्राप्त कर इतिहास रचा है पहली बार विद्यालय से इस प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त हुआ है टीम प्रभारी नन्द सिंह राठौड़ ने बताया कि कोटड़ी ब्लॉक से पहली बार किसी खिलाड़ी ने ये पदक प्राप्त किया है! उदलीयास ग्रामवासी, खेल प्रेमी तथा शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने खिलाड़ियों की प्रशंसा की साथ ही उनके भविष्य की कामना की !

### बिजौलिया में 11वाँ राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया

# ‘स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद’ थीम के साथ आयुर्वेद को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बनाने का संदेश

स्मार्ट हलचल

**बिजौलिया।** आयुर्वेद के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से बिजौलिया में 11वाँ राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की थीम 'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' रखी गई।

कार्यक्रम में डॉ. राज कुमार गौतम ने आयुर्वेद चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद केवल रोगों के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा तथा रोगों की रोकथाम पर भी विशेष बल देता है। वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, अनियमित खान-पान और बढ़ते तनाव के बीच आयुर्वेद की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है।

ब्लॉक आयुर्वेद प्रभारी डॉ. संजय नागर ने स्वस्थ जीवनशैली को स्वस्थ भविष्य की आधारशिला बताते हुए कहा कि नियमित दिनचर्या, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद, योग-व्यायाम और मानसिक संतुलन को जीवन का हिस्सा बनाकर अनेक स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की जीवनशैली संबंधी अवधारणाएँ वर्तमान समय में भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं और स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेद की पारंपरिक चिकित्सा



पद्धति, स्वास्थ्य संरक्षण तथा दैनिक जीवन में आयुर्वेदिक सिद्धांतों को अपनाने को लेकर भी चर्चा की गई। उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और आयुर्वेद को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर डॉ. अजय यादव, श्री राजेश शर्मा ,कंपाउंडर रिजवाना बानो सुश्री संजू गुर्जर, सुश्री शिवानी शर्मा सहित अन्य चिकित्सा एवं सहयोगी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य संदेश रहा कि 'स्वस्थ भविष्य की नींव स्वस्थ जीवनशैली है और स्वस्थ जीवनशैली के निर्माण में आयुर्वेद की महत्वपूर्ण भूमिका है।'

# 70वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में शिवदेव सिंह राणावत ने जीते 2 स्वर्ण व 1 रजत पदक

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा,** विटी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेंद्र मार्ग के कक्षा 11 के प्रतिभावान छात्र शिवदेव सिंह राणावत ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए। शिवदेव सिंह ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण एवं एक रजत पदक जीतकर विद्यालय एवं जिले का मान बढ़ाया। शिवदेव सिंह राणावत ने 100 मीटर फ्री स्टाइल एवं 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक स्पर्धा में उन्होंने रजत पदक अपने नाम किया। छात्र की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गहलोत ने शिवदेव सिंह राणावत का पारंपरिक रूप से उपरणा ओढ़ाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गहलोत ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन एवं आत्मविश्वास का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि शिवदेव सिंह की यह स्वर्णिम सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। समारोह के दौरान उप प्रधानाचार्य धीरज कुमार जोशी, राउमावि बड़ा महुआ के प्रधानाचार्य अटल बिहारी वैष्णव, शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक ज्योति खटीक, विक्रम चौधरी एवं मीडिया प्रभारी प्राध्यापक सत्येन्द्र माली उपस्थित रहे।



### डिजिटल इंडिया और स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ाती तस्वीरें

# गुरलां ग्राम पंचायत में बेजुबान खा रहे प्लास्टिक, आखिर कौन है इसका जिम्मेदार....?

स्मार्ट हलचल

**गुरलां (भीलवाड़ा)।** ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के दावों के बीच गुरलां ग्राम पंचायत से एक बेहद चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया और स्वच्छता अभियान को पूरी तरह ठेंगा दिखाती यह ग्राउंड रियलिटी स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। सफाई के नाम पर कागजों में करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद जमीनी स्तर पर हर तरफ सिर्फ गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है।

**बेजुबानों की जिंदगी से सरेआम खिलवाड़**




सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा मवेशी अक्सर भूख मिटाने के चक्कर में इन कचरा डिपो और रास्तों पर मुंह मारने को मजबूर हैं। कचरे के निस्तारण की सही व्यवस्था न होने के कारण आवारा पशु चारे की तलाश में भारी मात्रा में सिंगल-यूज़ प्लास्टिक, पॉलीथिन और जहरीला कचरा निगल रहे हैं। पेट में प्लास्टिक जमा होने के कारण कई बेजुबान अकाल मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। बेजुबानों की जिंदगी के साथ हो रहा यह खिलवाड़ प्रशासन की घोर लापरवाही को बयां करता है।

**बदबू और बीमारियों का घर बना गांव, फैल रहा संक्रमण**

पेड़ के नीचे, रास्तों और पत्थरों के आस-पास महीनों से फैला यह सड़ता हुआ कचरा न केवल गांव के दृश्य को खराब कर रहा है, बल्कि भीषण बदबू का कारण भी बन चुका है। डंपिंग यार्ड न होने और नियमित उठाव न होने के कारण यह जगह अब मच्छरों और संक्रामक बीमारियों का गढ़ बन चुकी है। मौसम के बदलते मिजाज के बीच इस गंदगी के कारण ग्रामीणों में संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

**सफाई के नाम पर करोड़ों का बजट, फिर ग्राउंड पर क्यों है कचरा?**

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर सरकार द्वारा लाखों-करोड़ों रुपए का बजट जारी किया जाता है। लेकिन हकीकत यह है कि ग्राम पंचायत में सप्ताह में एक दिन भी ढंग से सफाई नहीं हो रही है। ऐसे में जनता यह पूछने पर मजबूर है कि क्या स्वच्छता का यह पैसा धरातल पर लगने के बजाय सीधे जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की भेंट चढ़ रहा है?

**नालियां चोक, रास्तों में भरा पानी, राहगीर परेशान**

गांव की नालियों की स्थिति और भी बदतर है। नालियों में गंदगी इस कदर ठसाठस भरी है कि नालियां पूरी तरह चोक हो चुकी हैं और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। रास्ते पानी और कीचड़ से लबालब भरे हुए हैं, जिससे वहां से गुजरने वाले आम राहगीरों और वाहनों पर कीचड़ के छींटे उड़ रहे हैं। इस अव्यवस्था से आम जनता में भारी रोष है, लेकिन गुरलां ग्राम पंचायत प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है।

**जनता का सवाल- 'आखिर कब जागेगा प्रशासन और कब होगी सफाई?'**

ग्रामीणों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है, लेकिन अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। अब देखना यह है कि स्वच्छ राजस्थान का दावा करने वाला पंचायती राज विभाग इस बदहाली पर क्या एक्शन लेता है या फिर गुरलां की जनता को यूं ही नरकीय जीवन जीने के लिए छोड़ दिया जाएगा।

### आयुर्वेद दिवस पर आयुष कार्मिकों का सम्मान

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को दिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह

स्मार्ट हलचल



**अनिल खींची ब्यावर।** 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को जिला आयुष कार्यालय, ब्यावर की ओर से अजमेर रोड स्थित श्री परशुराम भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निदेशक जिला आयुष कार्यालय ब्यावर डॉ. सीपी सेन ने की। मुख्य अतिथि आयुर्वेद विभाग संभाग अजमेर के पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ. रमाशंकर पचौरी एवं जिला नोडल अधिकारी होम्योपैथिक विभाग डॉ. वीरेन्द्र पाल सिंह रावत रहे। समारोह में आयुष सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान, सराहनीय कार्य एवं ईमानदारी से सेवाएं देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। योगाचार्य एवं पतंजलि योग महिला समिति की जिला अध्यक्ष जसमीत कौर सलूजा एवं रविन्द्र सिंह चौहान को पंचकर्म के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य तथा चंदन सिंह चौहान को योग के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सहायक निदेशक डॉ. सेन ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने बताया कि ब्यावर जिले में आयुष विभाग ने पिछले एक वर्ष में एक लाख से अधिक रोगियों को लाभान्वित किया है। उन्होंने आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर 'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई। इसमें मौसमी बीमारियों से बचाव और आयुर्वेदिक दिनचर्या के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्मिकों ने आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार एवं रोगी सेवा की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष सोनी ने किया। समारोह में जवाजा ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. प्रीति गुप्ता, बदनौर से डॉ. सुरेश जलुथरिया, रायपुर से सुशील कुमार सहित जिले के आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्साधिकारी, कम्पाउंडर, नर्सिंग स्टाफ एवं कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 18 घंटे भक्तों के कंधों पर नगर भ्रमण कर निज धाम पहुंचे चारभुजानाथ

# भक्ति में डूबा कोटड़ी, जयकारों से गूंजा, सुबह 9 बजे सिंहासन पर विराजे प्रभु, किसान रूप में दिए भक्तों को दर्शन

स्मार्ट हलचल





**कोटड़ी** / मेवाड़ के आराध्य देव एवं जनजन की आस्था के केंद्र श्री चारभुजानाथ के जलझूलनी महोत्सव का समापन बुधवार को भक्तिमय वातावरण में हुआ। जलझूलनी एकादशी के अवसर पर भगवान चारभुजानाथ करीब 18 घंटे तक भक्तों के कंधों पर सवार होकर नगर भ्रमण करते हुए बुधवार सुबह अपने निज धाम पहुंचे। इस दौरान पूरे नगर में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा रहा। भगवान के दर्शन और बेवाण को कंधा लगाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ सी लगी रही।

**18 घंटे तक चला प्रभु का नगर भ्रमण**

मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे श्री चारभुजानाथ मंदिर से भगवान की जलझूलनी यात्रा शुरू हुई। सजे-धजे रजत बेवाण में विराजमान प्रभु के दर्शन के लिए मंदिर परिसर से लेकर नगर के प्रमुख मार्गों तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान के नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। घरों की छतों और रास्तों के दोनों ओर खड़े भक्तों ने भगवान की आरती उतारी और जयकारे लगाए। शाम को भक्तो के संग भगवान धर्माऊ तालाब के घाट पर पहुंचे जहां परंपरानुसार जलविहार कराया गया। जलझूलन के इस धार्मिक आयोजन को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कोटड़ी पहुंचे। तालाब परिसर में भी देर तक भक्ति का माहौल बना रहा।

**बेवाण को कंधा लगाने के लिए मची होड़**

जलविहार के बाद भगवान चारभुजानाथ को बेवाण में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। भगवान को कंधा लगाने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आया। जैसे ही बेवाण भक्तों के बीच पहुंचता, उसे अपने कंधों पर उठाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती। कई भक्तों ने इसे अपना सौभाग्य मानते हुए भगवान के बेवाण को कंधा दिया। रातभर भगवान के साथ श्रद्धालुओं का कारवां नगर में भ्रमण करता रहा। श्री चारभुजानाथ के जयकारों से कोटड़ी का वातावरण गूंजता रहा। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु सुबह 9 बजे भगवान के निज धाम पहुचने तक यात्रा में शामिल रहे।

**रातभर जागते रहे भक्त, सुबह हुआ निज धाम में प्रवेश**

करीब 18 घंटे के नगर भ्रमण के बाद बुधवार सुबह 9 बजे भगवान चारभुजानाथ निज धाम पहुंचे। भगवान के मंदिर पहुंचते ही श्रद्धालुओं में मेला सकुशल सम्पन्न होने पर खुशी की लहर दौड़ गई। मंदिर परिसर में जयकारों के साथ भगवान का स्वागत किया गया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान को पुनः उनके सिंहासन पर विराजमान किया गया।भगवान के वापस सिंहासन पर विराजमान होने के साथ ही श्रद्धालुओं ने राहत और आनंद के साथ दर्शन किए। कई भक्तों ने भगवान के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्र में अच्छी वर्षा की कामना की।

**किसान रूप में सजे प्रभु, दर्शन को उमड़ा जनसैलाब**

निज धाम पहुंचने के बाद भगवान चारभुजानाथ ने किसान रूप में भक्तों को दर्शन दिए। भगवान का यह विशेष स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की कतारें लग गईं। ग्रामीण क्षेत्र से आए श्रद्धालु विशेष रूप से किसान स्वरूप के दर्शन करने पहुंचे। किसान रूप में भगवान के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने अच्छी फसल, खुशहाली और क्षेत्र की समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।

पूरे नगर में दिखाई दिया आस्था और एकता का संगम

जलझूलनी महोत्सव के दौरान कोटड़ी में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता का भी अनूठा नजारा देखने को मिला। अलग-अलग समाजों और गांवों से आए श्रद्धालु भगवान की यात्रा में शामिल हुए। जगह-जगह स्वागत और सेवा शिविर लगाए गए। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद और अन्य व्यवस्थाएं की गईं। मंदिर ट्रस्ट, आयोजन समिति, स्वयंसेवकों और प्रशासन की ओर से भी व्यवस्थाओं को संभाला गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए कार्यकर्ता लगातार जुटे रहे। जलझूलनी महोत्सव के समापन पर भगवान श्रीचारभुजानाथ के 18 घंटे के नगर भ्रमण ने कोटड़ी की धार्मिक परंपरा, आस्था और जनभागीदारी की भव्य तस्वीर पेश की। प्रभु के निज धाम लौटने और किसान रूप में दर्शन देने के साथ ही श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर महोत्सव को विदाई दी। श्री चारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुन्दर चेचानी, कोषाध्यक्ष चम्पा लाल तेली, उपखण्ड अधिकारी प्रीति मीणा, पुलिस उपाधीक्षक सुरेश डाबरिया, थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने सकुशल मेला सम्पन्न होने पर एक दूसरे को बधाई दी।

## गणपति बप्पा की विदाई में उमड़ेगा भीलवाड़ा, 25 को विशाल शोभायात्रा

### हाथी-घोड़े, ढोल-नगाड़े और आकर्षक झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र, दो बड़े कुंडों में होगा प्रतिमाओं का विसर्जन

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** गणेश महोत्सव के समापन पर अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर को गणपति बप्पा की विदाई धूमधाम से होगी। श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के तत्वावधान में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से गणपति प्रतिमाओं की शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। शाम 4:30 बजे सभी शोभायात्राएं राजेंद्र कुमार स्कूल पहुंचेंगी, जहां से सामूहिक रूप से विशाल शोभायात्रा रवाना होगी। हाथी-घोड़े, बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े और आकर्षक धार्मिक झांकियां शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रहेंगी। रेलवे स्टेशन पर शाम 5:15 बजे संत-महामंडलेश्वर हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना करेंगे। इसके बाद जुलूस राजेंद्र मार्ग, मुरली विलास रोड, रेलवे स्टेशन, गोल प्याऊ चौराहा, महाराणा टॉकीज, सर्राफा बाजार और बड़ा मंदिर होते हुए तेजाजी चौक तालाब पहुंचेगा। मार्ग में विभिन्न संस्थाओं की ओर से पुष्पवर्षा की जाएगी। तेजाजी चौक पर विशाल वटवृक्ष के नीचे सभी गणपति प्रतिमाओं को विराजित कर महाआरती की जाएगी। इसके बाद प्रतिमाओं का विसर्जन कॉइन हाउस-हरणी महादेव रोड और मानसरोवर झील पर बनाए गए विशाल कुंडों में किया जाएगा। कुंडों में शुद्ध जल के साथ गुलाब जल व गोमूत्र डालकर शुद्धिकरण की व्यवस्था रहेगी। घरों व प्रतिष्ठानों पर स्थापित छोटी गणपति प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था भी इन्हीं कुंडों में रहेगी। रूट और व्यवस्थाओं पर मंथन: शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर सिटी कंट्रोल रूम में सीओ सिटी सज्जन सिंह के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक में भीमगंज थानाधिकारी सुनील चौधरी, गांधीनगर थानाधिकारी पुष्पा कसौटिया, प्रतापनगर थानाधिकारी सुनील ताड़ा और विशेष शाखा के दिलजीत सिंह मौजूद रहे। माणिक्यनगर, पटेलनगर, सीरकी मोहल्ला, भवानीनगर व जवाहरनगर सहित विभिन्न गणेश उत्सव समितियों के कार्यकर्ताओं ने भी तैयारियों में भाग लिया। समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी ने बताया कि गणपति विसर्जन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### 70 वीं जिला स्तरीय छात्र एवं छात्रा वर्ग 17/19 वर्ष

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलमडी़ भीलवाड़ा की छात्राओं ने बाजी मारी

स्मार्ट हलचल

**आकोला** / 70 वीं ताइक्वांडो जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता दिनांक 20 सितम्बर से 23 सितम्बर तक बीगोद के महात्मा गांधी इंग्लिश मिडियम स्कूल के तत्वावधान में आयोजित हुई। जिलास्तरीय ताइक्वांडो खेलकूद प्रतियोगिता में भीलवाड़ा गुलमडी़ की 18 छात्राओं में 15 छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर अपना परचम लहराया।

इस विधालय को 19 वर्षीय आयु वर्ग की चैम्पियनशिप प्राप्त की तथा 4 छात्राओं ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चयन हुआ

**जीनत, पूजा, अंजलि, प्राची ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया**

और आराध्या ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया

और lakshita नें bronz medal प्राप्त किया

17 वर्षीय आयु वर्ग छात्रा का गोल्ड मेडल संजना, और प्रियंका ने प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चयन हुआ

मीनाक्षी और कोयल ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया

मोनिका, अनोखी, चेतना -, राधिका bronze medal praapt kiya

भीलवाड़ा शहर की बेटियों ने अपनी प्रतिभा का परचम फहराया कर अपने विधालय का नाम रोशन किया।

70वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 17/19 आयु वर्ग विधालयी छात्र एवं छात्राओं ने आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या महता ने बताया कि जिलेभर की टीमों के बीच हुई प्रतिस्पर्धा मे गुलमडी़ भीलवाड़ा की छात्राओं का श्रेष्ठ प्रदर्शन विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है।



सभी खिलाड़ियों ने अपनी भूमिका को बखूबी निभाते हुए सफलता में योगदान दिया। निर्णायक मुकाबले में खिलाड़ियों ने दबाव के बावजूद धैर्य बनाए रखा और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

छात्राओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरी टीम को विधालय के प्रधानाचार्य सहित स्टाफ ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

टीम की प्रभारी प्रिती बाबेल एवं कविता पालीवाल ने प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शानदार जीत के बाद नव निर्वाचित पार्षद अहमदनूर उर्फ आजाद भाई ने हजरत केली वाले बाबा साहब के आस्ताने पर पेश की चादर

### मन्नत पूरी होने पर अदा किया शुक्राना, वार्डवासियों की खुशहाली, क्षेत्र में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे के लिए मांगी दुआ...

स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा,** / निंबाहेड़ा नगर परिषद के वार्ड नंबर 10 राजीव नगर कच्ची बस्ती के नव निर्वाचित पार्षद अहमदनूर उर्फ आजाद भाई ने पार्षद चुनाव में शानदार जीत हासिल होने की खुशी में बुधवार सुबह सरकारी बाग स्थित हजरत केली वाले बाबा साहब के आस्ताने पर पहुंचकर अकीदत के साथ चादर पेश की। इस दौरान उन्होंने अकीदत के फूल चढ़ाकर अपनी गहरी श्रद्धा और आस्था का इजहार किया तथा मन्नत पूरी होने पर शुक्राना अदा करते हुए क्षेत्र में अमन-चैन, खुशहाली, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी।

**मन्नत पूरी होने पर अदा किया शुक्राना**

वार्ड पार्षद चुनाव में शानदार जीत के बाद अहमदनूर उर्फ आजाद भाई अपने कांग्रेस साथियों के साथ हजरत केली वाले बाबा साहब के आस्ताने पर पहुंचे। यहां उन्होंने चादर पेश कर अकीदत के फूल चढ़ाए और अपनी मन्नत पूरी होने पर शुक्राना अदा किया। उन्होंने बाबा साहब से वार्ड सहित समूचे क्षेत्र में



अमन-ओ-अमान, खुशहाली, बरकत और तरक्की कायम रहने की दुआ मांगी।

**अकीदत के साथ पेश की हाजिरी, मांगी खुशहाली की दुआ**

चुनाव में मिली शानदार कामयाबी के बाद आस्ताने पर चादर पेश करने का यह अवसर अकीदत, एहतराम और शुक्रगुजारी से जुड़ा रहा। अहमदनूर उर्फ आजाद भाई ने क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, सलामती और खुशहाली की कामना की। साथ ही क्षेत्र में आपसी मोहब्बत, एकता और भाईचारे की परंपरा को और मजबूत बनाने की दुआ की।

**कांग्रेस साथियों की रही मौजूदगी**

इस अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के कार्यालय सहायक प्रभारी ज़ाकिर हुसैन, पूर्व पार्षद अहमद हुसैन, चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ के सचिव फैसल खान एवं साबिर भाई सहित कांग्रेस के साथी मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहब के आस्ताने पर अकीदत पेश कर क्षेत्र में अमन-चैन, तरक्की और आपसी सौहार्द की कामना की।

**वार्डवासियों के स्नेह और विश्वास के लिए जताया आभार**

नव निर्वाचित पार्षद अहमदनूर उर्फ आजाद भाई ने वार्ड नंबर 10 के समस्त मतदाताओं एवं वार्डवासियों का चुनाव में मिले अपार स्नेह, विश्वास और सहयोग के लिए दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों का विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ जनसेवा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने वार्ड की खुशहाली, विकास और जनहित के कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए क्षेत्र में एकता, भाईचारे और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

## जनादेश का सम्मान, जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस उठाएगी आवाज

### अजय शर्मा बोले–20 पार्षदों के साथ निभाएंगे मजबूत विपक्ष की भूमिका, चुनाव परिणामों का होगा मंथन

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर परिषद सभापति चुनाव में भाजपा के सभापति निर्वाचित होने के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावर के अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने जनता का आभार जताते हुए नवनिर्वाचित सभापति एवं उपसभापति को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनादेश का सम्मान करती है और अब नगर परिषद में मजबूत एवं जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाएगी। अजय शर्मा ने कहा कि नगर परिषद चुनाव में कांग्रेस के 20 पार्षद निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि सभी 60 वार्डों में कांग्रेस को भाजपा से अधिक मत मिले हैं। कांग्रेस जनता के विश्वास को जनहित के संघर्ष के माध्यम से सार्थक करेगी। उन्होंने कहा कि सड़क, सफाई, स्ट्रीट लाइट, जलभराव, कचरा प्रबंधन और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को कांग्रेस पार्षद सदन में प्रमुखता से उठाएंगे। जनहित में जहां सहयोग की आवश्यकता होगी, वहां रचनात्मक सहयोग किया जाएगा, जबकि जनविरोधी निर्णयों और लापरवाही का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा। सभापति चुनाव के घटनाक्रम पर शर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा के विरुद्ध चुनाव जीतने वाले कुछ निर्दलीय एवं रालोपा समर्थित प्रतिनिधियों के भाजपा के पक्ष में जाने से जनता के जनादेश को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने धनबल और राजनीतिक दबाव के आरोप लगाते हुए कहा कि संबंधित प्रतिनिधियों को जनता के सवालों का जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव परिणामों का गंभीरता से मंथन करेगी तथा संगठनात्मक कमियों और रणनीतिक चूकों की समीक्षा की जाएगी। पार्टी लाइन के विरुद्ध कार्य करने वालों के संबंध में संगठनात्मक जांच कर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। शर्मा ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद जनता के मुद्दे समाप्त नहीं होते। ब्यावर के विकास, नागरिक सुविधाओं और जनहित के प्रत्येक मुद्दे पर कांग्रेस जनता के साथ खड़ी रहेगी और नगर परिषद की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अपनी भूमिका निभाएगी।

## कठूमर में राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

### 10 अक्टूबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत, अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण पर जोर

स्मार्ट हलचल



**कठूमर।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बुधवार को बार संघ कठूमर के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तालुका विधिक सेवा समिति कठूमर के अध्यक्ष एवं अपर जिला न्यायाधीश उदय सिंह अलोरिया ने की। अपर जिला न्यायाधीश उदय सिंह अलोरिया ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 अक्टूबर को आयोजित होगी। उन्होंने पक्षकारों को बैंक संबंधी मामलों सहित अन्य लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का राजीनामे के माध्यम से निस्तारण करवाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक प्रकरण लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करवाने में सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में राजस्व अधिकारियों उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार को राजस्व श्रेणी के अधिक से अधिक प्रकरण राष्ट्रीय लोक अदालत में संदर्भित करने तथा उनके निस्तारण के प्रयास करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कठूमर युधिष्ठर मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट कठूमर आदित्य शर्मा, उपखंड अधिकारी श्याम सुंदर चेतीवाल, तहसीलदार हरिकेश मीरोठा, तालुका विधिक सेवा समिति सचिव रूचि शर्मा, बार संघ कठूमर अध्यक्ष सुभाष अरूंआ, बार संघ खेरली अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरूका सहित अधिवक्ता योगेश चौहान, सुभाष शर्मा, बलवीर चौधरी, लालचंद जाट, गिरधारीलाल, तेजसिंह राठी, थानसिंह कर्दम, भवानीशंकर शर्मा, ओमवीर सिंह, अखैसिंह, राकेश विजय, मनीष खन्ना सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### दशकों से अटकी परियोजनाओं का समाधान, राजस्थान को मिलेगा पर्याप्त पानी

## ग्रामीण विकास का रोडमैप तैयार, गांवों में खेल मैदान और अटल ज्ञान केंद्रों का होगा विकास

स्मार्ट हलचल





**अनिल खींची ब्यावर/जैतारण।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जैतारण में आयोजित सेवा संवाद कार्यक्रम एवं सेवा संकल्प यात्रा अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान की दशकों से अटकी परियोजनाओं का समाधान हुआ है। प्रदेश की पानी की जरूरत पूरी करने के लिए रामजल सेतु, यमुना जल समझौता, नर्मदा समझौता और किशाऊ बहुद्देश्यीय बांध परियोजना जैसे महत्वपूर्ण अंतरराज्यीय समझौते हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण विकास के लिए सुनियोजित रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत गांवों में खेल मैदान से लेकर अटल ज्ञान केंद्र तक विकसित किए जाएंगे। अटल ज्ञान केंद्रों में ई-लर्निंग की सुविधा मिलने से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी और उनके उज्ज्वल भविष्य की राह मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में युवा, महिला, किसान और मजदूरों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश में बिजली की उपलब्धता बढ़ी है और अब अन्य राज्यों को भी बिजली दी जा रही है। रोडवेज और डेयरी जैसे उपक्रम भी लाभ की स्थिति में हैं। किसानों को गेहूं की एमएसपी पर 150 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान और एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियानों ने देश में सामाजिक बदलाव की दिशा मजबूत की है। राजस्थान में भी हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पांच वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चैक एवं ट्राई साइकिल वितरित की। उन्होंने परिसर में पौधारोपण किया तथा पावन धाम परिसर में जैन संत रूपमुनि जी महाराज सा. एवं मिश्रीमल जी महाराज सा. के समाधि स्थल पर नमन किया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक शोभा चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## सांवरिया धाम बामनिया में जलझूलनी मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब, शिव बारात और अग्नि नृत्य बना आकर्षण का केंद्र

स्मार्ट हलचल



**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा ग्राम पंचायत के सांवरिया धाम बामनिया में जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर भव्य मेले का आयोजन हुआ। मेले में भगवान श्री सांवलिया सेठ की रथयात्रा और शोभायात्रा के साथ-साथ शिव बारात की अनोखी प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सांवरिया सेठ मन्दिर से निकली शोभयात्रा के दौरान शिव बारात के कलाकारों ने शरीर पर भस्म रमाकर और अग्नि के गोले के बीच नृत्य कर अद्भुत प्रदर्शन किया। जमीन पर जलती आग के बीच से निकलते हुए शिव गणों के इस रोमांचक दृश्य को देखने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। छतों पर और सड़क के दोनों किनारों पर खड़े हजारों दर्शक इस दृश्य को अपने मोबाइल में कैद करते नजर आए।

**मटकी फोड़ने की लगी होड़**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित वार्षिक मेले के दौरान शोभयात्रा सरकारी विद्यालय के बाहर पहुंची तो यहाँ अखाड़ा प्रदर्शन के साथ ही दही हांडी फोड़ी गई जिसमें युवाओं में दही हांडी फोड़ने की होड़ लगी रही, युवा दही हांडी फोड़ने के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे थे।

**सांवलिया सेठ के जयकारों से गूंजा धाम**

शोभायात्रा व मेले के दौरान 'जय श्री सांवरिया सेठ' के बेवाण को फूलों और रोशनी से सजाकर नगर भ्रमण करवाया गया। पीछे-पीछे शिव बारात, नंदी और कलाकार चल रहे थे।

**बारिश की कमी खली, टैंकर के पानी में झुलाया**

इस बार बहुत कम हुई बारिश की वजह से नदी में पानी नही आया जिसके चलते सभी को बारिश की कमी खली ओर नगर भ्रमण कर जलझुलन के लिए पधारे सांवरिया सेठ को टैंकर के पानी मे पुजारी शंकरलाल प्रजापत, मेघदास वैष्णव, अरुण सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों एवं हजारों भक्तों ने जल में झुलाया। मेला प्रबंधन समिति के अनुसार सांवरिया धाम बामनिया का ये जलझूलनी मेला परंपरागत रूप से हर साल भादवा सुदी एकादशी को भरता है। इस बार मेले में शंभूपुरा, सावा, सामरी, अरनिया पंथ, जालमपुरा, सतखंडा, मायरा, गिलूंड, उंखलिया, सरथल, घटियावली सहित आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। शंभूपुरा थाने से पुलिस प्रशासन और मेला समिति द्वारा सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे।

### मंडावर पंचायत समिति की वार्डवार ग्राम सूची जारी

## 15 ग्राम पंचायतें, 15 वार्ड–आरक्षण के साथ तय हुआ गांवों का गणित, कई इलाकों में चुनावी हलचल तेज

स्मार्ट हलचल

**मंडावर/दौसा।** मंडावर पंचायत समिति क्षेत्र में आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर वार्डवार ग्राम पंचायतों की सूची और आरक्षण का खाका सामने आ गया है। जारी सूची के अनुसार मंडावर पंचायत समिति में कुल 15 ग्राम पंचायतें और 15 वार्ड हैं। आरक्षण व्यवस्था में अनुसूचित जाति के लिए 2, अनुसूचित जनजाति के लिए 4, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 1 तथा सामान्य वर्ग के लिए 8 वार्ड निर्धारित किए गए हैं।

**वार्डवार स्थिति**

वार्ड 1 – स्ज्ञ सामान्य: बनावड़, एदलपुर

वार्ड 2 – सामान्य महिला: नांगल सुमेरसिंह, सरावली

वार्ड 3 – स्ज्ञ सामान्य: जटवाड़ा, नांगल मीणा, टहटड़ी

वार्ड 4 – OBC सामान्य: पाड़ला, वीरगांव, नांदना, नौरंगपुरा

वार्ड 5 – सामान्य पुरुष: धौलखेड़ा, मान्यपुरा, बदनपुरा

वार्ड 6 – स्ज्ञ महिला: ऊकरूंद

वार्ड 7 – सामान्य महिला: विरासना, पालोदा, पीपला दुल्हापुर, राजगढ़

वार्ड 8 – स्ष्ट सामान्य: पाखर, कैसरी, बावन बीधा

वार्ड 9 – सामान्य पुरुष: कैसरा, खेड़ली, राजपुर, लाडनपुर, सारंगपुर

वार्ड 10 – सामान्य महिला: टिकरी कलानौत, गोपालगढ़, किशोरपुरा, हरिपुरा, खेड़ली कलां, खेड़ली खुर्द, रायपुर

वार्ड 11 – सामान्य महिला: गढ़ हिम्मतसिंह

वार्ड 12 – सामान्य पुरुष: रिंदली, ईसरखेड़ा, भड़पुरा

वार्ड 13 – स्ज्ञ महिला: हल्देना, नांगल चारण, नांगल कोलरा

वार्ड 14 – सामान्य पुरुष: कोट

वार्ड 15 – सामान्य महिला: मुनापुरा, हाड़ोली, ईश्वरपुर, नांगल मैंव

आरक्षण का पूरा गणित

स्ष्ट – 2 वार्ड: 1 महिला + 1 सामान्य

स्ज्ञ – 4 वार्ड: 2 महिला + 2 सामान्य

OBC – 1 वार्ड: सामान्य

सामान्य – 8 वार्ड: 4 महिला + 4 सामान्य

कुल – 15 वार्ड: 7 महिला + 8 सामान्य

आरक्षण के साथ शुरू हुई चुनावी हलचल

वार्डवार आरक्षण और ग्राम पंचायतों का यह गणित सामने आने के बाद संभावित दावेदारों की सक्रियता बढ़ने की संभावना है। खासकर महिला आरक्षित वार्डों में नए चेहरों के सामने आने और सामान्य तथा आरक्षित वार्डों में राजनीतिक समीकरण बनने-बिगड़ने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। अब निगाहें इस बात पर रहेंगी कि कौन सा दावेदार किस वार्ड से मैदान में उतरता है और स्थानीय राजनीति का ऊंट किस करवट बैठता है।

# बड़ावली में 70वीं जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम...

## चित्तौड़गढ़ जिले की विभिन्न टीमों ने लिया प्रतियोगिता में भाग, विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों ने प्रदान किए पुरस्कार





स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा/बड़ावली,** कनेरा घाटा क्षेत्र के बड़ावली गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 70 वीं जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का बुधवार को उत्साह एवं खेल भावना के साथ समापन हुआ। प्रतियोगिता में चित्तौड़गढ़ जिले की विभिन्न टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने पूरे जोश, अनुशासन, आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ मुकाबलों में सहभागिता करते हुए खेल मैदान में दमखम दिखाया।

**पुरुषोत्तमलाल झंवर रहे मुख्य अतिथि, सम्पतलाल धाकड़ ने की अध्यक्षता**

प्रतियोगिता के समापन समारोह में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुरुषोत्तमलाल झंवर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि निंबाहेड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सम्पतलाल धाकड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समारोह में कमलेश धाकड़ मंडल कांग्रेस अध्यक्ष सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रतियोगिता स्थल पर अतिथियों के पहुंचने पर आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों की ओर से उपरणा ओढ़ाकर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान उपस्थितजनों ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**विजेता एवं उपविजेता टीमों को प्रदान किए पुरस्कार**

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मंचासीन अतिथियों ने प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता रही टीमों को पारितोषिक पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पुरस्कार प्राप्त करने पर खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर खिलाड़ियों की मेहनत, खेल के प्रति समर्पण और टीम भावना को सराहा गया।

**खेल भावना और अनुशासन का दिया संदेश**

जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी शारीरिक क्षमता, खेल कौशल, संघर्षशीलता और टीम के साथ बेहतर तालमेल का परिचय दिया। प्रतियोगिता ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा खेल के माध्यम से आपसी सद्भाव और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया।

**रग्बी फुटबॉल जैसे रोमांचक खेल में अनुशासन, धैर्य, त्वरित निर्णय और सामूहिक प्रयास का विशेष महत्व रहता है। खिलाड़ियों ने खेल के प्रति उत्साह एवं समर्पण प्रदर्शित करते हुए प्रतियोगिता को यादगार बनाया।**

**जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों की रही उपस्थिति**

समापन समारोह में दीपक दीवान सरपंच बांगेड़ा घाटा, गीता लाल धाकड़ सरपंच प्रतिनिधि सरसी, प्रहलाद धाकड़ पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि, श्रीनिवास नायमा, समरथ धाकड़, सुनील बेनीपुरिया, बबलू वीर, सत्यनारायण बंबोरिया, भरत धाकड़, घीसूलाल धाकड़, शांतिलाल सुथार, अभिषेक धाकड़, महेंद्रपाल धाकड़, किशोर सेन, नवीन सेन, बंशीपुरी एवं गोपाल धाकड़ सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का समापन उत्साह, खेल भावना, अनुशासन और आपसी सद्भाव के संदेश के साथ हुआ। आयोजन ने ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ युवाओं को खेल गतिविधियों के प्रति प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अरिहंत विहार में गणपति बप्पा को धराया 56 भोग, देर रात तक डांडिया की रही धूम



स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा।** चित्तौड़गढ़ के उपनगरीय क्षेत्र सेन्थी के अरिहंत विहार कॉलोनी में चल रहे गणपति महोत्सव में मंगलवार को भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। गणपति बप्पा को 56 भोग (छप्पन भोग) अर्पित कर महाआरती की गई, जिसके बाद देर रात तक डांडिया-गरबा का आयोजन हुआ।

**मोदक से लेकर ड्राईफ्रूट तक सजे थाल**

गणपति महोत्सव समिति के अध्यक्ष गोपाल जटिया ने बताया कि पंडाल में विराजमान भगवान श्री गणेश का आकर्षक श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद भगवान को मोदक, बूंदी-बेसन के लड्डू, पेड़ा, बर्फी, काजू कतली, हलवा, मालपुआ, गुजिया सहित 56 प्रकार के व्यंजन, फल, मेवा-मिष्ठान का भोग लगाया गया। पूरे परिसर को फूलों और लाइटों से सजाया गया था। समिति के जीपी गुर्जर ने बताया कि छप्पन भोग अर्पित करना हमारी सनातन परंपरा है। भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाने के बाद ग्वालों द्वारा 56 व्यंजन अर्पित किए गए थे, तभी से यह परंपरा चली आ रही है।

**'गणपति बप्पा मोरया' से गूंजा पंडाल**

समिति के रबिन्द्र प्रधान ने बताया कि भोग के बाद महाआरती हुई, जिसमें कॉलोनी के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चों ने हिस्सा लिया। 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से पूरा अरिहंत विहार गूंज उठा।

**डांडिया में झूमे श्रद्धालु**

जगदीश वैष्णव व गोलू शर्मा ने बताया कि आरती के बाद रात्रि में भव्य डांडिया-गरबा का आयोजन किया गया। डीजे की धुन पर महिलाओं और बच्चियों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति के लक्ष्मण मेघवाल ने बताया कि गणपति महोत्सव के दौरान रोजाना डांडिया, विभिन्न प्रतियोगिताएं ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विसर्जन तक इसी तरह कार्यक्रम जारी रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन ओम जैन शंभूपुरा ने किया।

# लाखों खर्च के बाद भी सांवरिया जी में कवि सम्मेलन रहा फ्लॉप!

## खराब साउंड बना वजह, बीच में कुर्सियां छोड़कर गए श्रोता, मंदिर मंडल की पोल खुली....

स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा।** मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्णधाम श्री सांवरिया जी मंडफिया में जलझूलनी एकादशी मेले के तहत 21 सितंबर रात को आयोजित अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन पूरी तरह फ्लॉप साबित हुआ। लाखों रुपये खर्च कर बुलाए गए नामचीन कवियों के बावजूद खराब साउंड सिस्टम और बदइंतजामी के कारण दर्शक कार्यक्रम बीच में छोड़कर चले गए और कुर्सियां खाली पड़ी रहीं।

**करोड़ों की आस्था, हजारों की व्यवस्था:**

मंदिर मंडल अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव और ष्टश्वह्र दिनेश धाकड़ के नेतृत्व में मेले का आयोजन हुआ था। मंडफिया बाईपास स्थित उप जिला चिकित्सालय के पास बने मंच पर शैलेश लोढ़ा (तारक मेहता फेम), संजय झाला, भुवन मोहिनी, दीपक पारीक, शंभू शिखर समेत 13 कवियों को बुलाया गया था।



**साउंड ने बिगाड़ा खेल:**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंच का साउंड सिस्टम इतना खराब था कि पीछे बैठे श्रोताओं तक आवाज ही नहीं पहुंच रही थी। माइक में लगातार सीटी की आवाज, इको और बेस की गड़बड़ी से कवियों को बार-बार टोकना पड़ा।

जिसके कार्यक्रम शुरू होने के एक घंटे बाद ही लोग उठ-उठ कर जाने लगे। रात 11 बजे तक पंडाल की 40' से ज्यादा कुर्सियां खाली हो चुकी थीं।

**रिकॉर्डिंग पर हंगामा:**

मंच से खुद शैलेश लोढ़ा को कहना पड़ा - 'क्यों रिकॉर्ड करके उनको सुनाना चाहते हो जिनको यहां आकर सुनने की तहजीब नहीं है... जब तक रिकॉर्डिंग चलेगी मैं एक शब्द नहीं बोलूंगा' जिसके बाद कैमरे बंद करवाए गए। इससे आयोजकों की सोशल मीडिया टीम में अफरा-तफरी मच गई।

**सवालों के घेरे में मंदिर मंडल:**

हर साल मेले के नाम पर लाखों का टेंडर होता है - साउंड, टेंट, लाइट, कलाकारों की फीस। लेकिन इस बार की अव्यवस्था ने साफ कर दिया कि पैसा कागजों पर खर्च हुआ, जमीन पर नहीं। न पीने के पानी की व्यवस्था, न बैठने की प्रॉपर लाइन, न साउंड चेक। श्रद्धालुओं का कहना है कि सांवरिया सेठ के दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ता है, लेकिन मंदिर मंडल की लापरवाही से भक्तों का ही अपमान हो रहा है।

# घुमंतू समाजों की समस्या और जागरूकता बैठक

## श्मशान, आवास, शिक्षा रोजगार आदि पर हुआ मंथन

स्मार्ट हलचल



**चितौडगढ** 23 सितम्बर घुमंतू जन अधिकार समिति चितौडगढ तथा कट्स संस्थान चितौडगढ के तत्वाधान मे प्रांतीय प्रभारी महेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तथा स्वतंत्र लेखक व सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी मदन सालवी ओजस्वी, नारायणलाल बागरीया उदयपुर, मेवाड़ विकलांग सेवा संस्थान के प्रति तनेजा के मुख्य सानिध्य में भीलवाडा, उदयपुर, प्रतापगढ, राजसमन्द तथा चितोडगढ जिले के विभिन्न स्थानों के घुमन्तू परिवारो जिनमें बागरिया, कंजर ,बंजारा, गाडी लोहार, कालबेलिया, आदि समाजो के जागरूक पदाधिकारीगण सदस्यों ने घुमंतु समुदाय युवा एवं जिला कार्यकारिणी विस्तार बैठक मे भाग लेकर अपनी सामाजिक समस्याओ से जिनमें आवास, श्मशान जाति प्रमाण पत्र, शिक्षा रोजगार, वोटर आई डी, आधार कार्ड, चिकित्सा सुविधा, आदि से अवगत कराते हूऐ अनेकों समस्याओ से अवगत कराया। प्रांतीय प्रभारी महेन्द्रसिंह ने बताया कि घुमन्तू समाजों को अब जागृत होना होगा तथा समस्याओ के निस्तारण के लिए सामूहिक प्रयास करने होगें। उन्होने कहा कि चंदन का कोयला बना कर नही बेचना है,चंदन की कीमत समझनी होगी। जिले मे घुमन्तू परिवारो के हालातों पर बारिकी से समीक्षा कर जानकारी ली। स्वतंत्र लेखक तथा पुर्व प्रशासनिक अधिकारी मदन सालवी ओजस्वी ने बताया कि घुमंतू समाज के परिवार जहां भी है, उनके लिए आवास, विधालय, चिकित्सा, रोज़गार आदि की व्यवस्था के लिए सरकार तथा प्रदेश मे जिला प्रशासन विशेष ध्यान दें तथा घुमन्तू परिवारों के जीवन मे प्रगति के लिए सुचित व्यवस्था पर ध्यान दें। ओजस्वी ने अपनी ओर से पुरा सहयोग करते हूऐ बताया कि ये समाज शिक्षा तथा जागरूकता , सामाजिक विकाश से ही आगे बढ सकता है। प्रिति तनेजा ने दिव्यांग जन को हर तरह से लाभान्वित कराने, अन्नपूर्णा रसोई तथा रोजगार दिलाने के साथ ही लोगों को जागरूक होने की जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक कट्स संस्थान के समन्वयक मदन गिरी गोस्वामी ने हर तरह से घुमंतू परिवारों को जागरूक करने, समस्याओ से सरकार को अवगत कराने तथा हर तरह से सहयोग करने , प्रगति लाने पर सभी को उर्जावान किया। इस दोरान उदयपुर से नारायण बागरिया, निम्बाहेडा से बापू नाथ, मेवदा कोलोनी कपासन से जमना लाल कंजर, प्रभु लाल गुमानपुरा, रमेश बागडी, राजकुमार बंजारा एडवोकेट, बानसेन से जगदीश कंजर, आछोडा से देवराज, आदि ने सामाजिक हालात तथा समस्याओ से अवगत कराया । इस दोरान बडी सख्या मे घुमंतू समाजों के जागरूक सदस्य पदाधिकारीगण बडी सख्या मे मोजूद रहै।

# नगरफोर्ट में दिल दहला देने वाला हादसा: बाइक-जीप भिड़ंत में बुजुर्ग दंपती की मौत, एक ही चिता पर हुई अंतिम विदाई।

स्मार्ट हलचल/ रिपोर्टर महेंद्र कुमार सैनी

**नगरफोर्ट** कस्बे के देवली रोड स्थित बीसलपुर पम्प हाउस मोड़ पर बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग दंपती की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। थाना प्रभारी राजेन्द्र टाडा ने बताया कि मृतकों की पहचान पूर्व विद्युतकर्मी सोराम पुत्र केसरा राम माली (70) और उनकी पत्नी सोहनी देवी (65) निवासी नाहरा के रूप में हुई है। बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे सोराम अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से अपने ससुराल रामसागर जा रहे थे। जैसे ही वे बीसलपुर पम्प हाउस मोड़ पर पहुंचे, सामने से घाड की तरफ से आ रही तेज रफ्तार जीप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि सोराम की मौक...





# दंगल में जावेद गनी और कालिदास बाबा ने मारी बाजी

## राज्य मंत्री कृष्णा पासवान ने फीता काटकर किया दो दिवसीय दंगल एवं मेले का उद्घाटन, आज देवा थापा समेत कई पहलवान दिखाएंगे दमखम

**खखरेरू/फतेहपुर** परवेजपुर गांव में आयोजित दो दिवसीय दंगल एवं मेले का बुधवार को दोपहर बाद राज्य मंत्री एवं खागा विधायक कृष्णा पासवान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने दंगल में पहुंचे पहलवानों से परिचय प्राप्त किया और कुश्ती प्रतियोगिता की शुरुआत कराई। दंगल देखने के लिए आसपास के गांवों के अलावा पड़ोसी जनपदों से भी बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। दंगल की शुरुआत अयोध्या से आए कालिदास बाबा और पंजाब के चीता पहलवान के बीच मुकाबले से हुई। दोनों पहलवानों के बीच काफी देर तक जोरदार मुकाबला चला। अंत में कालिदास बाबा ने चीता पहलवान को चित कर पांच हजार रुपये की इनामी कुश्ती अपने नाम कर ली। मुकाबला जीतने के बाद दर्शकों ने तालियां बजाकर पहलवान का उत्साह बढ़ाया। दंगल का मुख्य आकर्षण जम्मू-कश्मीर के बीएसएफ जवान जावेद गनी और हरियाणा के विशाल पहलवान के बीच 20 हजार रुपये की इनामी कुश्ती रही। मुकाबले में शुरुआत से ही जावेद गनी ने विशाल पहलवान पर दबदबा बनाए रखा। दोनों के बीच कई बार जोरदार दांव-पेंच देखने को मिले। आखिरकार जावेद गनी ने विशाल पहलवान को चित कर 20 हजार रुपये की इनामी कुश्ती जीत ली।मेला प्रबंधक एवं ग्राम प्रधान लुखमान अहमद बाबा फरीद ने बताया कि बृहस्पतिवार को दंगल में देवा थापा, जावेद गनी और चीता पहलवान के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। इन मुकाबलों को लेकर दर्शकों में भी उत्साह बना हुआ है। दंगल एवं मेले को लेकर आसपास के जनपदों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। दर्शक देर तक कुश्ती के मुकाबलों का आनंद लेते रहे और पहलवानों का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। मेले में भी लोगों की भीड़ रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया। दंगल स्थल के आसपास पुलिसकर्मी लगातार निगरानी करते रहे।

### 70वीं जिला स्तरीय विद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2026 का भव्य समापन

# इटावा टीम को हराकर सोफिया स्कूल, वल्लभ नगर कोटा ने जीता प्रथम स्थान

स्मार्ट हलचल

**सांगोद,** 70वीं जिला स्तरीय विद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता-2026 का भव्य समापन आज MBS स्टेडियम, सांगोद में उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ हुआ। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल प्रतिभा और अनुशासन का परिचय दिया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में गर्ल्स वर्ग में सोफिया स्कूल, वल्लभ नगर, कोटा ने इटावा टीम को पराजित कर प्रथम स्थान का खिताब अपने नाम किया। वही दितिय स्थान पर महात्मा गांधी स्कूल आयाना त्रतीय स्थान पर जॉय एंड हैप्पीनेस वहीं बॉयज वर्ग में जॉय एंड हैप्पीनेस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दितिय स्थान पर विद्यांजलि स्कूल कोटा त्रतीय स्थान पर सैंट जॉन्स कोटा ने बाजी मारी समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविकांत मीणा उपस्थित रहे। उनके साथ जयराज सिंह हाड़ा, पार्षद नगर निगम कोटा वार्ड 69; श्रीमान अभिषेक मीणा, उपाध्यक्ष, राइफल एसोसिएशन कोटा; समाजसेवी श्रीमान फिरोज मिर्जा; श्रीमान अफ़सार प्रधान , प्रतिनिधि वार्ड पार्षद, नगर पालिका सांगोद समाजसेवी नौशाद मिर्जा; समाजसेवी शहजाद खान; तथा सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। समापन अवसर पर विधिवत फ्लैग डाउन कर प्रतियोगिता का समापन किया गया। अतिथियों द्वारा विजेता टीमों को विनर शील्ड एवं पुरस्कार प्रदान किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता ने युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में JLN Sanskar Academy, Sangod एवं समस्त आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों, सहयोगियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण एवं जिला स्तर की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल भावना, अनुशासन और प्रतिभा के उत्सव के साथ 70वीं जिला स्तरीय विद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता-2026 का शानदार समापन हुआ।



# गणपति पूजन के साथ 'ढोल बाजे' गरबा महोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर अग्रवाल इवेंट के बैनर तले आयोजित होने वाले नौ दिवसीय गरबा महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। आयोजन के निर्विघ्न एवं सफल आयोजन की कामना को लेकर 'ढोल बाजे' की युवा टीम ने प्रसन्न गणपति मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की और प्रथम निमंत्रण देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कनिका अग्रवाल ने बताया कि 'ढोल बाजे' का चौथा संस्करण इस बार होटल राजमहल में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों के तहत कार्यकर्ताओं ने गणपति जी की आराधना कर विधिवत रूप से आयोजन से जुड़े कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि नौ दिवसीय गरबा महोत्सव में शहरवासियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर आकाश लालवानी, अक्षित गर्ग, वंशिता पंजाबी, पलक आसनानी, पंकज साहू, मनदीप गहलोत, सागर जैसवानी, हर्षु देवड़ा, राज करवरिया, हेमंत प्रजापत सहित आयोजन से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### कॉलेज विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन

# परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी और अंतिम सेमेस्टर में पूरक परीक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग, एमएलएसयू परीक्षा नियंत्रक व प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़,** ।कॉलेज विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं, परीक्षा परिणामों में कथित गड़बड़ियों तथा अंतिम सेमेस्टर में पूरक परीक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की महाविद्यालय इकाई ने बुधवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद एमएलएसयू परीक्षा नियंत्रक एवं महाविद्यालय प्राचार्य को समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इकाई अध्यक्ष शिवाय गुर्जर ने बताया कि एबीवीपी महाविद्यालय इकाई की ओर से कॉलेज गेट के बाहर प्रदर्शन कर विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया गया। परिषद कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की समस्याओं की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई।



**परीक्षा परिणामों में पारदर्शिता की मांग**

एबीवीपी ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा परिणाम जारी किए जाने के दौरान बार-बार त्रुटियां सामने आती हैं। परिषद के अनुसार, रिवैल्यूएशन फॉर्म भरने के बावजूद कई विद्यार्थियों के परिणामों में अपेक्षित सुधार नहीं होता, जिसका खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ता है। संगठन ने परीक्षा परिणामों में पारदर्शिता बरतने तथा अंतिम सेमेस्टर में पूरक परीक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग परीक्षा नियंत्रक के समक्ष रखी।

**प्राचार्य को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन**

महाविद्यालय प्राचार्य को सौंपे गए पांच सूत्रीय ज्ञापन में विद्यार्थियों से जुड़ी कई समस्याओं के समाधान की मांग की गई। इनमें प्रमुख रूप से–

**महाविद्यालय में एनसीसी भर्ती शीघ्र करवाने की मांग।**

परिसर में नियमित एवं व्यवस्थित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग। संगठन का कहना है कि गंदगी के कारण जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है।

**गर्ल्स कॉमन रूम की व्यवस्थाओं में सुधार करवाने की मांग।**

महाविद्यालय के पुस्तकालय एवं ई-लाइब्रेरी में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा वांछित पुस्तकों की व्यवस्था करने की मांग।

खेल विभाग एवं प्रयोगशालाओं में आवश्यक संसाधनों की कमी दूर करने की मांग।

एबीवीपी ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन की ओर से आगे आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान जिला संयोजक अदिति कंवर भाटी, प्रांत सोशल मीडिया संयोजक राजेश गायरी, विभाग छात्रा प्रमुख सुमन जाट, नगर मंत्री अर्पित वैष्णव, भाग संयोजक सुन्दर भाण्ड, सहसचिव सुनील तिवारी, देवराज बंजारा, आदित्य मेनारिया, इंशात, ज्योति, निशा, गणपत, रौनक, अभिजीत, शिवांश, लोकेश सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 15 फीट लंबे अजगर ने बकरी को दबोचा, चरवाहों में मचा हड़कंप

## ग्रामीणों का आरोप- सूचना के दो घंटे बाद भी नहीं पहुंचा वन विभाग, पहले भी दिख चुका था अजगर

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/फतेहपुर** थाना क्षेत्र के पौली गांव में बुधवार दोपहर खेतों की ओर बकरियां चरा रहे चरवाहों में उस समय हड़कंप मच गया, जब करीब 15 फीट लंबे अजगर ने एक बकरी को दबोच लिया। बकरी की आवाज सुनकर चरवाहे मौके पर पहुंचे तो विशालकाय अजगर को देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। ग्रामीणों के अनुसार गांव निवासी शहनाज पत्नी पीर मोहम्मद दोपहर बाद बकरी चराने के लिए खेतों की ओर गई थीं। बकरी खेत में चर रही थी, तभी अचानक अजगर ने उसे दबोच लिया। बकरी की आवाज सुनकर शहनाज ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। विशाल अजगर को देखकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और वन विभाग को सूचना दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि यही अजगर इससे पहले भी क्षेत्र में दिखाई दिया था। उस समय भी वन विभाग को सूचना दी गई थी, लेकिन मौके पर पहुंचकर उसका रेस्क्यू नहीं किया गया। बुधवार को दोबारा अजगर दिखाई देने और बकरी को दबोचने की सूचना वन विभाग के दरोगा अनूप कुमार शुक्ला को दी गई। ग्रामीणों के मुताबिक सूचना देने के दो घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी। अजगर के खुलेआम खेतों में घूमने से ग्रामीणों और चरवाहों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल अजगर का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की मांग की है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी खागा गौरव सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी कर वन विभाग की टीम को मौके पर भेजकर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

# कुलगुरू प्रो. बी.पी. सरस्वत के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल की बैठक, कई महत्वपूर्ण फैसलों पर लगी मुहर

## वीसी प्रो. बी.पी. सरस्वत की अध्यक्षता में 61 वीं प्रबंध मंडल बैठक, कर्मचारी हितों सहित विकास कार्यों पर निर्णय

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों की काल्पनिक वेतन वृद्धि, अतिरिक्त पेंशन-भत्ते और वित्तीय शक्तियों के निर्धारण को मंजूरी



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** कोटा विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल की 61वीं बैठक बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में कुलगुरु बी पी सारस्वत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक, वित्तीय, शैक्षणिक एवं विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श कर निर्णय लिए गए। बैठक की शुरुआत कुलगुरु द्वारा प्रबंध मंडल के सदस्यों के स्वागत के साथ हुई। बैठक में प्रबंध मंडल ने 59वीं एवं 60वीं बैठकों के कार्यवाही विवरण तथा इनमें लिए गए निर्णयों के अनुपालन प्रतिवेदन का अनुमोदन किया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत रहे स्वर्गीय राम प्रसाद मठोलिया के निधन के बाद उनकी पत्नी ममता देवी को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर दी गई अनुकंपा नियुक्ति के आदेश का भी अनुमोदन किया गया।

**30 जून को सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिलेगा लाभ**

कुलगुरू प्रो.सारस्वत ने बताया कि बैठक में 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। राजस्थान सरकार के वित्त विभाग द्वारा जारी आदेशों एवं प्रावधानों के अनुरूप 1 जुलाई को देय वार्षिक वेतन वृद्धि को काल्पनिक रूप से स्वीकृत किए जाने संबंधी आदेशों को विश्वविद्यालय कर्मचारियों पर लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इससे निर्धारित प्रावधानों के तहत संबंधित सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लाभ मिल सकेगा।

**70, 75 और 80 वर्ष की आयु पर अतिरिक्त पेंशन को मंजूरी**

पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन से जुड़े प्रस्तावों पर भी प्रबंध मंडल ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया। सेवानिवृत्ति के बाद पेंशनर अथवा पारिवारिक पेंशनर के क्रमशः 70, 75 एवं 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर देय अतिरिक्त पेंशन अथवा भत्ते संबंधी राजस्थान सरकार के वित्त विभाग के आदेशों को कोटा विश्वविद्यालय में लागू करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

**कुलसचिव को 25 हजार और विभागाध्यक्षों को 5 हजार तक की वित्तीय शक्ति**

विश्वविद्यालय के कार्यों को अधिक सुचारू एवं प्रभावी बनाने के लिए सामग्री उपापन एवं सेवाओं के संबंध में शक्तियों की सीमा निर्धारित की गई। इसके तहत कुलसचिव को प्रति प्रकरण 25 हजार रुपये तक सामग्री उपापन एवं सेवाओं के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का अधिकार दिया गया। वहीं विभागाध्यक्षों को प्रति प्रकरण 5 हजार रुपये तक की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति की शक्ति प्रदान की गई।

**PWD की निर्धारित दरों पर होंगे सिविल-विद्युत कार्य**

विश्वविद्यालय में होने वाले सिविल एवं विद्युत कार्यों के लिए राज्य सरकार के संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित प्रचलित PWD BSR लागू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इससे विश्वविद्यालय में निर्माण एवं विद्युत कार्यों के प्राक्कलन और निष्पादन में निर्धारित सरकारी दरों एवं मानकों के अनुरूप प्रक्रिया सुनिश्चित हो सकेगी। बैठक में विश्वविद्यालय के खेल मंडल की बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा 18 सितंबर को आयोजित विद्या परिषद तथा 17 सितंबर को आयोजित निरीक्षण मंडल की बैठक के कार्यवाही विवरण को भी प्रबंध मंडल ने मंजूरी दी। बैठक में राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य मुरलीधर शर्मा, राज्य सरकार द्वारा नामित विधायक कल्पना देवी, उच्च शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के नामित सदस्य मुकेश शर्मा, कुलाधिपति नामित सदस्य राजेश कुमार यादव सहित प्रबंध मंडल के अन्य सदस्य, अधिष्ठाता एवं प्रोफेसर उपस्थित रहे। बैठक में विश्वविद्यालय की प्रशासनिक एवं शैक्षणिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने तथा शासन के प्रचलित नियमों और वित्तीय प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

# आदर्श नगर धांधेला में बाबा सुन्दरदास का 10वां विशाल जागरण एवं भण्डारा 24 सितम्बर को आयोजित

स्मार्ट हलचल

**स्मार्ट हलचल।** शेरसिंह सैनी धांधेला पाटन---निकटवर्ती ग्राम धांधेला के आदर्श नगर में हर वर्ष की भांति इस बार भी गुरुवार 24 सितम्बर 2026 को बाबा सुन्दरदास जी महाराज का 10वां विशाल जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कमेटी के सदस्य ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर संपूर्ण तैयारी कर ली गई है। इसके लिए लगातार प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को सुबह 11:15 से प्रसादी वितरण एवं भव्य जागरण कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। कार्यक्रम में पुष्कर माहासी एवं पार्टी चांदाली के सुप्रसिद्ध गायक कलाकार पुष्कर माहासी होंगे। जो बाबा के दरबार में अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे, इनके साथ ही डांसर भूमिका चौधरी और डांसर सतपाल द्वारा भी भजनों पर आकर्षक नृत्य किया जाएग। कमेटी के सदस्य ने बताया कि बाबा के मंदिर में सजावटी की तैयारी शुरू कर दी गई है। मंदिर कमेटी के सदस्य के अलावा गांव के अन्य लोग भी सहयोग कर रहे हैं।



# शगुन विला कॉलोनी के सुरक्षा दीवार को तोड़ने पर बिल्डर मोहम्मद रियाज शेख पर कॉलोनी वासियों ने कार्रवाई की मांग करि

स्मार्ट हलचल



**कोटा** शगुन विला कोलोनी की सुरक्षा दिवार को बिल्डर मोहम्मद रियाज शेक द्वारा जबरदस्ती तोडने व महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने को लेकर कॉलोनी वासु ने थाना अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया है! 20/09/2026 पुलिस प्रशासन को सूचित करते हुए कोलोनी वासियों व समिति के द्वारा कोलोनी की टूटी हुई दिवारों को सुरक्षा की दृष्टी से बनवाया गया था। उस दौरान आपके थाने से पुलिस ऑफिसर मोके पर आये आये थे। उस समय बिल्डर मोहम्मद रियाज शेक व उसके साथियों द्वारा कोलोनी वासियो को देखने की धमकी दी थी। और पुलिस उसके साथी को बंदी बनाकर ले गई थी शाम को 5:22 pm पर आज दिनांक 23/09/2028 को मोहम्मद रियाज शेक व साथी JCB लेकर आये और जो सुरक्षा दिवार की उनको जोर-जबरदस्ती गिरा दिया गया। और मौके पर कोलोनी की महिलाओं ने रोकने का प्रयास किया तो उनके साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। और दिवार गिराकर तुरंत गाड़ी लेकर भाग गया। सोसाइटी के व्हाट्सएप ग्रुप में जब सूचना मिली कालोनी निवासी मोके पर आये, फिजिकली मोका देखा आधे घंटे बाद कालोनी निवासी आये तो मोके पर सारी दिवार तोड़ दी गई। और सीसी टीवी फुटेज में भी पूरा प्रकरण रिकॉर्ड है।

### सुबह शौच के लिए खेत गई 19 वर्षीय युवती लापता

# परिजनों ने रिश्तेदारियों और संभावित स्थानों पर तलाशा, नहीं मिला सुराग; पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/फतेहपुर** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी युवती का सुराग नहीं मिलने पर पिता ने पुलिस को तहरीर देकर सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पिता के अनुसार, 19 सितंबर की सुबह करीब पांच बजे उनकी पुत्री शौच के लिए खेत की ओर गई थी। काफी देर बाद भी घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। आसपास के क्षेत्रों के अलावा संभावित रिश्तेदारियों में भी पता किया गया, लेकिन युवती का कहीं कोई सुराग नहीं मिला।

परिजनों की चिंता बढ़ने पर पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर पुत्री की सकुशल बरामदगी की मांग की।

कार्यवाहक थाना प्रभारी श्याम सुंदर गिरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। युवती की तलाश के लिए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस थाना रामनगरियां जयपुर पूर्व को मिली बड़ी सफलता,

### 10 हजार रुपए का इनामी हत्यारा गिरफ्तार

**सांगानेर //** रामनगरिया थाना पुलिस ने 10 हजार के इनामी आरोपी पीयूष मीणा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर कुंदनपुरा रेलवे फाटक से सौरभ उर्फ गोलू का अपहरण कर टोडाभीम के जंगल में ले जाकर हत्या कर दी थी और शव झाड़ियों में फेंक दिया था। रंजीता शर्मा, पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व के निर्देश पर पारस जैन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त और दीपक खंडेलवाल, सहायक पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अनिल कुमार टेलर, थानाधिकारी रामनगरिया के नेतृत्व में टीम दशरथ हेड कांस्टेबल मुनेश कास्टेबल शंकर लाल कास्टेबल शिवपाल कांस्टेबल गणेश कुमार कांस्टेबल सुशील कुमार कांस्टेबल की विशेष भूमिका में बनीं टीम को बड़ी सफलता मिली है आरोपी को टीम ने महेश नगर जयपुर से आरोपी को पकड़ा। आरोपी पीयूष मीणा पुत्र राजेश कुमार, 24 साल, निवासी सिंघान बजेड़ा, थाना सदर हिंडौन, करौली का रहने वाला है। थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया की प्रकरण संख्या 344/2026 में कार्रवाई की गई है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।



# 70वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हूआ समापन, विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

### फुटबॉल में मुकंदपुरा एवं हॉकी में सूरौठ की टीम बनी चैंपियन

स्मार्ट हलचल

**सूरौठ।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का बुधवार को समारोहपूर्वक समापन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले खेले गए और विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। शारीरिक शिक्षा के व्याख्याता वीरेंद्र सिंह राजावत तथा वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक लोकेश मीना ने बताया कि फुटबॉल 19 वर्ष में राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल मुकंदपुरा एवं हॉकी में राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल सूरौठ की टीम चैंपियन रही। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरौठ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश महावर थे तथा अध्यक्षता नगर पालिका बाइस चेयरमैन प्रतिनिधि रजनीश मीना ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शूटिंग बाल संघ के संरक्षक रामनिवास मीना, विश्राम मीना तथा पार्षद सतीश मीना उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतियोगिता संयोजक सोहन सिंह मीणा, पर्यवेक्षक प्रमेन्द्र कुमार शर्मा एवं अतिथियों ने विजेता एवं उप विजेता टीमों के खिलाडियों को शील्ड एवं पुरस्कार सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भूपाल सिंह मीणा ने किया। प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य सोहन सिंह मीणा ने खेल परिणामों की घोषणा करते हुए बताया गया कि हॉकी प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल सूरौठ प्रथम स्थान पर रहा जबकि रा.उ.मा.वि. मूंडिया द्वितीय तथा पीएम श्री रा.उ.मा स्कूल करौली तृतीय स्थान पर रहा।इसी तरह फुटबॉल (19 वर्ष) वर्ग में रा.उ.मा.वि. मुकुंदपुरा ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं रा.उ.मा.वि. खेड़ी ने द्वितीय तथा सूरौठ की टीम तीसरे स्थान पर रही। फुटबॉल (17 वर्ष) वर्ग में इंदिरा गांधी उच्च माध्यमिक स्कूल सूरौठ ने प्रथम स्थान हांसिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस वर्ग में एस एफ एस स्कूल कांचरोली द्वितीय तथा विवेकानंद उच्च माध्यमिक स्कूल सूरौठ तृतीय स्थान पर रहे। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महावर ने कहा कि हार और जीत खेल के हिस्से हैं। इसलिए खिलाड़ियों को पराजय से हताश नहीं होना चाहिए तथा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहीए।

### भक्ति, संगीत और पारिवारिक उल्लास से सजी 'गणेशोत्सव–एक साँझ'

# सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने और नई पीढ़ी विरासत से जोड़ने का अवसर देता है गणोत्सव – राजेश कृष्ण बिरला

## जेसीआई एलुमनी क्लब जोन-5 के आयोजन में गणपति आराधना के साथ सामाजिक एकजुटता का संदेश...

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** भगवान श्री गणेश की आराधना, भक्ति संगीत और पारिवारिक आत्मीयता के बीच जेसीआई एलुमनी क्लब जोन-5 एवं कोटा रीजन की ओर से पुरुषार्थ भवन, गोबरिया बावड़ी सर्किल में 'गणेशोत्सव–एक साँझ' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान श्री गणेश की शोभायात्रा से हुआ। इसमें बड़ी संख्या में सदस्य और उनके परिजन शामिल हुए। परिसर पहुंचने के बाद विधिवत गणेश स्थापना और पूजा-अर्चना की गई। आरती के पश्चात आयोजित भजन संध्या में प्रस्तुत भक्तिमय गीतों ने वातावरण को श्रद्धा और उल्लास से भर दिया। समारोह में रेडक्रॉस के स्टेट चैयरमेन राजेश कृष्ण बिरला, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। राजेश कृष्ण बिरला ने कहा कि भगवान गणेश भारतीय संस्कृति में शुभारंभ, विवेक और मंगल के प्रतीक हैं। गणेशोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि परिवार और समाज को एक साथ लाने वाला पर्व है। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने के साथ नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने का अवसर देते हैं।

**छप्पन भोग के साथ हुई आराधना**

समारोह में भगवान गणेश को छप्पन भोग अर्पित किया गया। भजन संध्या के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी एवं भोजन की व्यवस्था रही। JCI एलुमनी क्लब जोन-5 के चेयरमैन प्रियंक करिश्मा माहेश्वरी ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और परिवारों के बीच आत्मीय संबंध मजबूत करने का अवसर देते हैं। आयोजन में परियोजना सलाहकार अनुपम रीना शर्मा रहे। आयोजन की व्यवस्थाओं में रजनीश रेनू मोहता, दिनेश योगिता चौहान, युगल रेनू माहेश्वरी, संदीप रागिनी पाड़िया, संजीव चिंकल कोठारी एवं विशाल ऋचा रस्तोगी ने योगदान दिया।

**वर्तमान और पूर्व पदाधिकारियों की मौजूदगी**

समारोह में प्रियंक करिश्मा माहेश्वरी, पीयूष नीलम खंडेलवाल, विकास स्वाति शर्मा, गौरव रीना अगेश्वर, गौरव रक्षा गुप्ता एवं डॉ. शुभम प्रियंका चौधरी सहित जोन-5 के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। पूर्व पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों में मनीष चंडक, मीता अग्रवाल, राजकुमार जैन, जेएफएस पीडीएम रवि अग्रवाल, जेएफएस योगेश चंडक एवं जेएफएस विभोर लोढ़ा की उपस्थिति रही। कोटा रीजन से गार्गी रजनीश चौहान, वीरल रूपल कोठारी, अनूप अमिता जैन, विकास शालिनी मोहता एवं शैलेंद्र स्वाति मंगल सहित पदाधिकारी, सदस्य और उनके परिवारजन शामिल हुए।

# महुवा में नए बोर्ड ने संभाली कमान : अध्यक्ष विनीत बंसल और उपाध्यक्ष उर्मिला मीणा ने किया पदभार ग्रहण, विधायक राजेंद्र मीणा की मौजूदगी में निकाला भव्य विजय जुलूस

स्मार्ट हलचल



**महुवा।** महुवा नगर पालिका में बुधवार को ऐतिहासिक दिन रहा। नगर पालिका के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष विनीत बंसल और उपाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला मीणा ने वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ विधिवत रूप से अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर महुवा विधायक राजेंद्र मीणा, विमल जैन, एडवोकेट सत्यनारायण शर्मा, महुवा प्रेस क्लब अध्यक्ष गोपुत्र अवधेश अवस्थी सहित नवनिर्वाचित पार्षदो वगणमान्य नागरिक नगर पालिका स्टाफ आमजन मौजूद रहे। पदभार ग्रहण के बाद पूरे कस्बे में विजय जुलूस निकाला गया। जहां विधायक राजेंद्र मीणा नगर पालिका अध्यक्ष विनीत बंसल उपाध्यक्ष उर्मिला मीणा व नवनिर्वाचित पार्षदों का जगह-जगह व्यापार मंडल, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों के साथ नवनिर्वाचित बोर्ड का भव्य स्वागत किया। जनसैलाब ऐसा उमड़ा कि पूरा बाजार 'विकास' के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा - जनता का विश्वास ही सबसे बड़ी ताकत समारोह को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि महुवा की जनता ने भाजपा बोर्ड पर जो भरोसा जताया है, वह अभूतपूर्व है। 'आज जो स्नेह, सम्मान और आशीर्वाद मिला है, वह हमारी जिम्मेदारी को और बढ़ा देता है। यह जीत किसी व्यक्ति की नहीं, बल्कि महुवा के विकास की जीत है।' अध्यक्ष विनीत बंसल का विजन - 'महुवा को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त शहर बनाएंगे ' पदभार ग्रहण के बाद अध्यक्ष विनीत बंसल ने कहा की जनता ने मुझे निर्विरोध चुनकर जो मान-सम्मान दिया है, मैं जीवनभर उनका ऋणी रहूंगा। मेरा पहला संकल्प है - महुवा को जिला की सबसे स्वच्छ और सुंदर नगर पालिका बनाना। उन्होंने अपने विकास के रोडमैप का जिक्र करते हुए कहा सड़क और नाली कस्बे की सभी कच्ची गलियों को पक्का करना और जलभराव की समस्या को जड़ से खत्म करना।

रोशनी और सफाई हर वार्ड में स्ट्रीट लाइट और नियमित कचरा संग्रहण की व्यवस्था।

जल योजना पेयजल की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नई पाइपलाइन और टंकी की योजना।

युवा और बाजार बस स्टैंड का सौंदर्यीकरण, पार्कों का विकास और युवाओं के लिए खेल मैदान की सुविधा।

उपाध्यक्ष उर्मिला मीणा बोलीं -महिला सुरक्षा और वार्डों की छोटी-छोटी समस्याएं होंगी प्राथमिकता

नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला मीणा ने कहा - विशेष रूप से सभी माताओं-बहनों को धन्यवाद देती हूं। हमारी कोशिश रहेगी कि नगर पालिका की हर योजना का लाभ अंतिम वार्ड तक पहुंचे। महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट, आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत और हर वार्ड में जनसुनवाई हमारी प्राथमिकता रहेगी। अध्यक्ष विनीत बंसल व सभी पार्षदों के साथ आम जनता के सुझाव लेकर सभी मिलकर हम महुवा को एक आदर्श नगर पालिका बनाएंगे

अंत में अध्यक्ष विनीत बंसल ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हम सबके प्रेरणा स्रोत कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा व विधायक राजेंद्र मीणा के के साथ पार्षदों की राय के अनुसार सभी अपने बड़ों के मार्गदर्शन और जनता के सहयोग से महुवा में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी।

# मांडलगढ़ पंचायत समिति प्रधान अनारक्षित

## मांडलगढ़ पंचायत समिति में प्रधान पद अनारक्षित ओपन, 21 वार्डों का आरक्षण भी तय; एससी के 4, एसटी के 2, ओबीसी के 4 वार्ड...

स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़।** मांडलगढ़ पंचायत समिति का प्रधान पद इस बार अनारक्षित (सामान्य) ओपन वर्ग के लिए रहेगा। पंचायती राज चुनाव से पूर्व बुधवार को जिला मुख्यालय पर आरक्षण की लॉटरी निकाली गई। इसके साथ ही पंचायत समिति सदस्यों के लिए मांडलगढ़ के 21 वार्डों का आरक्षण भी तय कर दिया गया। जिले में पंचायत समिति स्तर पर आरक्षण की लॉटरी के तहत मांडलगढ़ का प्रधान पद सामान्य वर्ग ओपन आया है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध आरक्षण सूची और हस्तलिखित रिकॉर्ड में भी 21 वार्डों का आरक्षण समान दर्ज है।

**मांडलगढ़ पंचायत समिति के 21 वार्डों का आरक्षण**

आरक्षित वर्ग – आरक्षित वार्ड
एससी ओपन- 4, 9
एससी महिला- 2, 20
एसटी ओपन- 18
एसटी महिला- 17
ओबीसी ओपन- 14, 15
ओबीसी महिला- 10, 13
अनारक्षित ओपन- 5, 7, 8, 11, 12, 19
अनारक्षित महिला- 1, 3, 6, 16, 21

इस तरह मांडलगढ़ पंचायत समिति के कुल 21 वार्डों में 4 वार्ड एससी, 2 वार्ड एसटी, 4 वार्ड ओबीसी और 11 वार्ड अनारक्षित वर्ग में आए हैं। इनमें 10 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

वार्डवार स्थिति
वार्ड 1 – अनारक्षित महिला
वार्ड 2 – एससी महिला
वार्ड 3 – अनारक्षित महिला
वार्ड 4 – एससी ओपन
वार्ड 5 – अनारक्षित ओपन
वार्ड 6 – अनारक्षित महिला
वार्ड 7 – अनारक्षित ओपन
वार्ड 8 – अनारक्षित ओपन
वार्ड 9 – एससी ओपन
वार्ड 10 – ओबीसी महिला
वार्ड 11 – अनारक्षित ओपन
वार्ड 12 – अनारक्षित ओपन
वार्ड 13 – ओबीसी महिला
वार्ड 14 – ओबीसी ओपन
वार्ड 15 – ओबीसी ओपन
वार्ड 16 – अनारक्षित महिला
वार्ड 17 – एसटी महिला
वार्ड 18 – एसटी ओपन
वार्ड 19 – अनारक्षित ओपन
वार्ड 20 – एससी महिला
वार्ड 21 – अनारक्षित महिला

सरपंचों की लॉटरी कल

पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों में सरपंचों और वार्ड पंचों के आरक्षण के लिए लॉटरी गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में निकाली जाएगी। प्रशासन ने इसकी तैयारियां कर ली हैं। प्रदेश में पहली बार पंचायती राज चुनाव एक साथ करवाए जा रहे हैं। पहले यह लॉटरी 17 और 18 सितंबर को प्रस्तावित थी, लेकिन प्रक्रिया स्थगित होने के बाद नई तारीख निर्धारित की गई। 23 सितंबर को जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य और प्रधान पदों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई, जबकि सरपंच एवं वार्ड पंचों की लॉटरी 24 सितंबर को प्रस्तावित है।

आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब पंचायती राज चुनाव की तैयारियां आगे बढ़ेंगी। राज्य सरकार ने पंचायत चुनाव प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

# पंचायत समिति कठूमर प्रधान सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित, 23 वार्डों के सदस्यों का आरक्षण घोषित

**कठूमर। ।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला ने पंचायत राज चुनाव को लेकर जिले के प्रधान जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्यों का लॉटरी के माध्यम से आरक्षण निर्धारण किया है। इसी क्रम में पंचायत समिति कठूमर का प्रधान पद सामान्य वर्गके लिए आरक्षित हुआ तथा क्षेत्र के चार जिला परिषद सदस्यों के वार्डो का आरक्षण लॉटरी द्वारा निर्धारण कर दिया गया है। वही पंचायत समिति सदस्यों के वार्डवार आरक्षण की सूची जारी कर दी गई है। पंचायत समिति के कुल 23 वार्डों में अलग-अलग श्रेणियों के लिए आरक्षण निर्धारित किया गया है। साथ ही प्रत्येक वार्ड में शामिल ग्राम पंचायतों का भी निर्धारण किया गया है। आरक्षण सूची के अनुसार वार्ड नंबर 1 अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है, जिसमें बड़ौकान और बाड़ला ग्राम पंचायत शामिल हैं। वार्ड नंबर 2 ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है, जिसमें तिगरिया और बलदेवपुरा शामिल हैं। वार्ड नंबर 3 अनारक्षित महिला के लिए बहतुकरा और बाड़ला ग्राम पंचायतें शामिल हैं। वार्ड नंबर 4 अनारक्षित ओपन है, जिसमें टेटपुर-कैमला, मकरेटा और टोडा ग्राम पंचायत शामिल हैं। वार्ड नंबर 5 अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है, जिसमें नाहरखोहरा, खोह, जांगरू और उकसी शामिल हैं। वार्ड नंबर 6 एसटी ओपन है, जिसमें अडोली, जड़वाड़ा, रीझबास और संतोकपुर ग्राम पंचायतें शामिल हैं। वार्ड नंबर 7 अनारक्षित महिला के लिए रोनीजाथान, जहाडू और बादसू ग्राम पंचायतें शामिल हैं। वार्ड नंबर 8 एसटी महिला के लिए आरक्षित है, जिसमें भनोखर ग्राम पंचायत शामिल है। वार्ड नंबर 9 एसटी ओपन है, जिसमें कालवाड़ी और अगराया शामिल हैं। वार्ड नंबर 10 अनारक्षित ओपन है, जिसमें साहड़ी और नांगल रूपा ग्राम पंचायतें शामिल हैं। वार्ड नंबर 11 एससी ओपन के लिए आरक्षित है, जिसमें बसेठ और डूयोठाना शामिल हैं। वार्ड नंबर 12 अनारक्षित महिला के लिए खेड़ामेदा, सुंडियाना और बेरका ग्राम पंचायतें शामिल हैं। वार्ड नंबर 13 एससी महिला के लिए रानोता, अरुंवा और खेरली तर्फ रेला शामिल हैं। वार्ड नंबर 14 एससी महिला के लिए मसारी और करौली ग्राम पंचायतें शामिल हैं। इसी प्रकार वार्ड नंबर 15 ओबीसी ओपन है, जिसमें दुधेरी, पिसई और भरीथल शामिल हैं। वार्ड नंबर 16 अनारक्षित ओपन है, जिसमें रेटा और मैंथना ग्राम पंचायतें शामिल हैं। वार्ड नंबर 17 ओबीसी ओपन के लिए सौंख, बराड़ा और टीकरी ग्राम पंचायतें शामिल हैं। वार्ड नंबर 18 अनारक्षित महिला के लिए तुसारी, इंदिरा, रामपुरा और मानपुर ग्राम पंचायतें शामिल हैं। वार्ड नंबर 19 अनारक्षित महिला है, जिसमें तसई ग्राम पंचायत शामिल है। वार्ड नंबर 20 एससी ओपन के लिए मथुराहेडा, इद्रावली, इंदिरा कॉलोनी और दयालपुरा शामिल हैं। वार्ड नंबर 21 अनारक्षित ओपन के लिए ईसरौता और कांकरोली ग्राम पंचायतें शामिल हैं। वार्ड नंबर 22 अनारक्षित ओपन में टिटपुरी और सिटाहेडा ग्राम पंचायतें शामिल हैं। वहीं वार्ड नंबर 23 एससी ओपन के लिए नूरपुर और गंजपुरा ग्राम पंचायतें शामिल हैं। आरक्षण सूची जारी होने के बाद पंचायत समिति क्षेत्र में आगामी पंचायत राज चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है। विभिन्न वार्डों में संभावित दावेदारों ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

संक्षिप्त समाचार

## शालीमार बाग में रातभर चला बुलडोजर, मदीना मस्जिद का हिस्सा और कई घर जमींदोज



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के शालीमार बाग में मंगलवार को देर रात सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत मदीना मस्जिद के ऊपरी हिस्से और इसके आसपास बने कई मकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान हंगामा न हो इसके लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन की ओर से की गई इस कार्रवाई से आधी रात को सियासत गरमा गई है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस रोड को चौड़ा करने के लिए पहले भी कई बार डिमोलिशन ड्राइव चलाई जा चुकी है। इस बार रात के अंधेरे में की गई कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। वहीं मस्जिद पर कार्रवाई की सूचना मिलते ही एआईएमआईएम के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शोएब जमई मौके पर पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

शोएब जमई ने इस कार्रवाई को पूरी तरह से असंवैधानिक और गैर-कानूनी करार दिया है। शोएब ने कहा कि जिस तरह उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में रात के अंधेरे में मस्जिद पर बुलडोजर चलाया गया था, उसी पैटर्न पर दिल्ली के शालीमार बाग में भी कार्रवाई की गई है।

दिल्ली को सहारनपुर पार्ट-2 नहीं बनने दिया जाएगा। इस कार्रवाई को लेकर आप नेता सौरव भारद्वाज भी मौके पर पहुंचे और इस कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

## अब रील के जरिए बच्चे बताएंगे देश-समाज के लिए अपनी जिम्मेदारी, दिल्ली में शुरू हुई प्रतियोगिता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र अब रील के जरिए भी समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दे सकेंगे। शिक्षा निदेशालय ने मेरी सेवा, मेरा संकल्प रील प्रतियोगिता शुरू की है। यह प्रतियोगिता 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान का हिस्सा है।

प्रतियोगिता में विद्यार्थी छोटे वीडियो बनाकर बताएंगे कि आम नागरिक अपने आसपास के समाज और देश के लिए किस तरह योगदान दे सकते हैं। रील के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक सेवा और जिम्मेदार नागरिक बनने जैसे विषयों पर अपनी सोच रखने का मौका मिलेगा।

शिक्षा निदेशालय ने रील के लिए कई विषय तय किए हैं। इनमें जनभागीदारी के जरिए राष्ट्र निर्माण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण, नागरिक जिम्मेदारी, सामुदायिक सेवा, बुजुर्गों और जरूरतमंद लोगों की मदद, दया और सेवा के कार्य तथा सार्वजनिक संपत्ति और राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान शामिल हैं।

विद्यार्थी इन विषयों को अपने आसपास होने वाली घटनाओं और रोजमर्रा के उदाहरणों के जरिए रील में प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से अपनी बात रखने का अवसर देना और उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

साथ ही इन गतिविधियों को विकसित भारत @2047 की सोच से भी जोड़ा गया है। सेवा संकल्प अभियान के तहत रील प्रतियोगिता के साथ चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं।

चित्रकला प्रतियोगिता में पांच से 12 वर्ष और 12 से 18 वर्ष के दो आयु वर्ग होंगे। वहीं, भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 10 से 12 तक के विद्यार्थी हिस्सा ले सकेंगे।

# सर्दी में ही क्यों जागता है सिस्टम: दिल्ली के 80-85% प्रदूषण का स्रोत शहर के भीतर, वाहन सबसे बड़ा कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की खराब हवा के लिए केवल बाहरी स्रोतों को जिम्मेदार मानना सही तस्वीर नहीं है। सच यह है कि इसमें स्थानीय स्रोतों की भूमिका सर्वाधिक है। विशेषज्ञ दिल्ली के प्रदूषण में इसकी हिस्सेदारी 80 से 85 प्रतिशत तक मानते हैं।

पर्यावरण विशेषज्ञों ने भी स्वीकार किया है कि यह दिल्ली का अपना ही प्रदूषण है, जो साल भर यहां की हवा खराब रखता है। साथ ही साल भर प्रदूषण नियंत्रण के उपाय न होने से सर्दियों में विकराल रूप में नजर आता है।

आइआइटीएम पुणे की निर्णय सहयोग प्रणाली (डीएसएस) के आंकड़ों पर किए गए सीएसई विश्लेषण पर गौर करें तो भी यह प्रमाणित हो जाता है। इसके अनुसार स्थानीय स्रोतों में वाहनों की हिस्सेदारी सबसे अधिक 46 प्रतिशत रही, जबकि उद्योग 22 प्रतिशत के साथ दूसरे बड़े स्रोत रहे।

घरेलू स्रोत 11, निर्माण छह, कचरा जलाना चार और सड़क की धूल तीन प्रतिशत रही। इससे स्पष्ट है कि शहर के भीतर होने वाला उत्सर्जन हवा की गुणवत्ता सुधारने की बड़ी चुनौती है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के अध्ययन भी वाहन, उद्योग, निर्माण, सड़क की धूल, घरेलू ईंधन



और कचरा जलाने को प्रमुख स्थानीय स्रोतों में गिनाते हैं।

**सभी नियम तात्कालिक, वर्ष भर के लिए कुछ नहीं:** स्थानीय स्रोतों पर नियंत्रण के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और डीपीसीसी की ओर से कहने के लिए अनेक उपाय लागू हैं। सीएक्यूएम ने 2026 में उद्योगों के कण उत्सर्जन के लिए अलग निर्देश जारी किए हैं।

निर्माण और विध्वंस गतिविधियों में धूल नियंत्रण तथा मलबे के प्रबंधन के लिए भी निर्देश जारी किया गया है। सड़क की धूल नियंत्रित करने के लिए यांत्रिक सड़क सफाई मशीनों के संचालन के मानक भी तय किए गए हैं।

वाहनों के मामले में सीएक्यूएम ने मई 2026 से वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) के बिना वाहनों में ईंधन भरने पर रोक लगाई है। साथ ही दिल्ली एवं एनसीआर में नए पंजीकृत तिपहिया वाहनों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को अनिवार्य करने का निर्देश भी जारी किया गया है।

### नया अध्ययन, नई उम्मीद

स्थानीय स्रोतों की सही हिस्सेदारी तय करने के लिए सीएक्यूएम ने 500म500 मीटर के ग्रिड स्तर पर उच्च-रिजोल्यूशन उत्सर्जन सूची और सोर्स अपार्शन्मेंट का नया ढांचा तैयार किया है। इसका उद्देश्य अलग-अलग अध्ययनों के आंकड़ों में मौजूद अंतर को कम कर एक समान वैज्ञानिक आधार तैयार करना है। यानी चुनौती अब नियम बनाने की ही नहीं, उनके सालभर प्रभावी क्रियान्वयन की भी है। ऐसे में वाहनों, उद्योग, निर्माण और धूल जैसे स्थानीय स्रोतों पर लगातार नियंत्रण के बिना हवा की गुणवत्ता में स्थायी सुधार मुश्किल रहेगा। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) अगस्त में 100 से नीचे था, लेकिन सितंबर आते- आते यह 170 के पार पहुंच चुका है, जबकि अभी तापमान में उल्लेखनीय गिरावट नहीं आई है। यह स्थिति संकेत देती है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या केवल सर्दियों तक सीमित नहीं है, बल्कि मानसून के कुछ महीनों को छोड़कर पूरे वर्ष बनी रहती है।

ऐसे में प्रदूषण नियंत्रण की कार्रवाई केवल सर्दियों में तेज करने के बजाय पूरे साल चलने वाली कार्ययोजना के तहत होनी चाहिए। इस योजना को सही समय पर लागू करने के साथ उसकी नियमित निगरानी भी जरूरी है। सितंबर से ही यातायात जाम और वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। सभी निर्माण स्थलों की नियमित निगरानी होनी चाहिए। पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय कर पराली के समय पर निस्तारण की योजना प्रभावी ढंग से लागू करनी होगी, ताकि खुले में जलाने की घटनाओं को रोका जा सके। इसके लिए एक मजबूत और पूर्ण निगरानी तंत्र तैयार करना भी आवश्यक है, ताकि तय उपायों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

डीपीसीसी की व्यवस्था में भी निर्माण स्थलों की धूल, उद्योग, वाहन, जनरेटर सेट और खुले में कचरा जलाने जैसे स्रोतों की निगरानी शामिल है। समिति के पास वास्तविक समय में प्रदूषण के स्रोतों की पहचान और पूर्वानुमान की व्यवस्था भी है।

लेकिन ये सभी नियम मुख्यतया सर्दियों के लिए हैं।

## बिना पहचान शव का अंतिम संस्कार क्यों? युवराज मनचंदा केस में गुरुग्राम पुलिस पर भड़का कोर्ट; रिपोर्ट तलब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम में 31 वर्षीय रियल एस्टेट प्रोफेशनल युवराज सिंह मनचंदा की मौत और उनके शव की पहचान किए बिना अंतिम संस्कार किए जाने के मामले में दिल्ली की अदालत ने गुरुग्राम पुलिस के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने पुलिस की ओर से दाखिल जवाब को 'क्रिप्टिक' (अस्पष्ट और अधूरा) बताते हुए इसे पहले दिए गए आदेश का अनुपालन नहीं माना और गुरुग्राम के पुलिस अधिकारियों को विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत में पेश रिकॉर्ड और शिकायत के अनुसार, युवराज का शव 10 सितंबर को गुरुग्राम में हरियाणा पुलिस के एक नाले से बरामद हुआ था। परिवार का आरोप है कि उन्हें युवराज के शव के बरामद होने की जानकारी 16 सितंबर को दी गई जबकि 14 सितंबर को अंतिम संस्कार कर दिया गया। अदालत अब यह जानना चाहती है कि जब शव की पहचान नहीं हुई थी, तब उसकी पहचान की प्रक्रिया क्या अपनाई गई और उसे बिना पहचान के अंतिम संस्कार के लिए कैसे भेज दिया गया। युवराज के परिवार की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अमित प्रसाद, अधिवक्ता रजत जैन और निहारिका कुशवाहा ने पुलिस की कार्रवाई पर कई सवाल उठाए। उन्होंने दलील दी कि परिवार ने पुलिस से संपर्क करने पर कथित तौर पर उन्हें युवराज के शव से मिलते-जुलते व्यक्ति की तस्वीरें भेजी गई थीं। परिवार की ओर से यह भी सवाल उठाया गया कि शव की पहचान की प्रक्रिया पूरी तरह क्यों नहीं अपनाई गई।

## दिल्ली में कॉलेज छात्रा के साथ छेड़खानी, बाइक सवार लोगों ने की अश्लील हरकतें; धक्का देकर हो गए फरार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लाडो सराय स्थित कार्यालय से देर रात स्कूटी से घर लौट रही 21 वर्षीय युवती का पंचशील पार्क मेट्रो स्टेशन के पास बाइक सवार दो युवकों ने पीछा किया और अश्लील टिप्पणियां कीं। इसके बाद उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

हादसे में युवती करीब 100 से 150 मीटर तक सड़क पर घिसटती चली गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। चिकित्सकों ने उसे प्लास्टिक सर्जरी की सलाह दी है। घटना 11 सितंबर की रात की है। युवती की शिकायत के आधार पर मंगलवार को हौजखास थाने में दो अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

**पीछा कर अश्लील टिप्पणियां करने लगे:** युवती के मुताबिक, वह लाडो सराय स्थित आर्ट फर्म में इंटर्नशिप करने के बाद कालकाजी स्थित घर लौट रही थी। पंचशील पार्क मेट्रो स्टेशन के पास बाइक सवार दोनों युवक उसके पीछे लग गए। इन युवकों ने उसका पीछा जारी रखा और उसके पास आकर अश्लील टिप्पणियां कीं। युवती ने शिकायत में बताया कि उसने स्कूटी आगे बढ़ाकर दोनों से बचने का प्रयास किया, लेकिन दोनों बाइक सवार उसके साथ चलते रहे।

**टक्कर के बाद सड़क पर घिसटती रही:** आरोप है कि दोनों युवकों ने बाइक से उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे युवती स्कूटी से गिर गई और सड़क पर करीब 100 से 150 मीटर तक घिसटती चली गई। सड़क पर




पत्थर, गिट्टी और धूल होने के कारण उसके शरीर पर कई जगह गहरे कट आए और काफी खून बहा।

हादसे के बाद दोनों युवक बाइक लेकर मौके से फरार हो गए। सड़क पर घायल पड़ी युवती की राहगीरों ने मदद की और एंबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल पहुंचाया।

**गंभीर चोटों के बाद प्लास्टिक सर्जरी:** युवती को पहले साकेत स्थित मैक्स अस्पताल ले जाया गया। चोटों की गंभीरता को देखते हुए बाद में उसे नोएडा के मेदांता अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे प्लास्टिक सर्जरी कराने की सलाह दी।

वह ओखला के एक डिजाइन इंस्टीट्यूट में चौथे वर्ष की पढ़ाई कर रही है और लाडो सराय की आर्ट फर्म में इंटर्नशिप कर रही थी। चिकित्सकीय राय लेने के लिए वह कानपुर भी गई थी।

## यमुना सफाई के लिए दिल्ली में बड़ा प्लान, नए एसटीपी और पुराने प्लांट होंगे अपग्रेड; खर्च होंगे, 1090 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमुना की सफाई के लिए गंदे पानी को नदी में जाने से रोकना होगा। इसके लिए नए सीवेज उपचार संयंत्र स्थापित (एसटीपी) स्थापित किए जा रहे हैं। पुराने (एसटीपी) को अपग्रेड करने का भी कार्य चल रहा है, इसके लिए लगभग 1090 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इन परियोजनाओं के साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के अधिकारियों के साथ बैठक कर जल आपूर्ति व यमुना सफाई से संबंधित अन्य परियोजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि लगभग 2012 करोड़ रुपये की लागत से 114 अनधिकृत कआलोनियों में सीवर नेटवर्क का काम पूरा हो चुका है, जबकि इन क्षेत्रों में 1,28,633 घरों को घरेलू सीवर कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

**276 कॉलोनियों में चल रहा है सीवर नेटवर्क का काम:** 276 कालोनियों में सीवर नेटवर्क का काम फिलहाल चल रहा है, जबकि



647 अनधिकृत कालोनियों में लगभग 5,44,680 घरों को घरेलू सीवर कनेक्शन प्रदान करने की प्रक्रिया चल रही है। उपराज्यपाल ने सीवर नेटवर्क की कमी वाले क्षेत्रों से सेप्टेज सफाई मशीनों की तैनाती कर गंदगी को सीवेज उपचार संयंत्र तक ले जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। अधिकारियों ने कहा कि सभी क्षेत्रों में सीवर लाइन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए काम चल रहा है।

## कालकाजी घटना के बाद लेडी श्रीराम कॉलेज का बड़ा फैसला, ऑनलाइन क्लासेज हुईं शुरू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के कालकाजी स्थित आस्था कुंज पार्क के पास हुई घटना के बाद कॉलेजों में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर वुमेन ने बुधवार को कॉलेज में ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की। इससे पहले मंगलवार को भी नियमित कक्षाएं रद कर दी गई थीं।




**कॉलेज से तीन किमी दूर हुई वारदात:** कॉलेज से करीब तीन किलोमीटर दूर हुई इस घटना के बाद कॉलेज प्रशासन ने छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। कॉलेज की प्राचार्या कनिका के. आहूजा ने बताया कि जैसे ही इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी मिली, तत्काल कक्षाएं स्थगित करने का निर्णय लिया गया। छात्राओं की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य कॉलेज के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। दो दिन कॉलेज में कक्षाएं ऑनलाइन लगाई जाएंगी। बृहस्पतिवार से आफलाइन कक्षाएं लगेंगी।

# नजफगढ़ की अनियोजित कॉलोनियों में विकास की दस्तक

### 58 करोड़ की 17 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बदहाल सड़कों, जलभराव और सीवेज की जटिल समस्याओं से जूझ रही नजफगढ़ विधानसभा क्षेत्र की अनियोजित कालोनियों को अब बड़ी राहत मिलने जा रही है।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राज्य सरकार की ओर से क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 58 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कुल 17 विकास परियोजनाओं का प्रदेश की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नजफगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिलान्यास किया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा, क्षेत्रीय विधायक नीलम कृष्ण पहलवान सहित अनेक व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट किया कि ''विकसित दिल्ली'' का लक्ष्य तभी हासिल होगा जब विकास केवल चुनिंदा इलाकों तक सीमित न रहकर अनियोजित कालोनियों तक पहुंचे।

उन्होंने वर्षों से अटके सर्किल रेट के रिवीजन का काम पूरा होने और इसे जल्द लागू करने की घोषणा की। साथ ही दिल्ली के मास्टर प्लान को आगे बढ़ाते हुए गरीबों, किसानों के हितों की रक्षा और पुनर्विकास के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त किया।

**इन कार्यों से होगा जीवन सुगम:** जिन कार्यों का यहां शिलान्यास किया गया, उनमें ईस्ट कृष्णा विहार (भाग-1 से भाग-6) और शिव विहार जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सड़कों और नालियों का पुनर्निर्माण शामिल है।

इसके अलावा, क्षेत्र की 6 अन्य अनियोजित कालोनियों जिनमें नजफगढ़ एक्सटेंशन, दीपक विहार, डाबर एन्क्लेव, सैनिक एन्क्लेव-3 (विनोबा एन्क्लेव), चिनार एन्क्लेव और विनोबा एन्क्लेव शामिल है, वहां 33 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले 10 इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर निर्माण कार्य पहले से ही तेजी से चल रहा है।


**डिसेंट्रलाइज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से सीवेज प्रबंधन में आसानी:** क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार ने जलभराव और सीवेज प्रबंधन के स्थायी समाधान की रणनीतिक योजना बनाई है। इसके तहत 46.5 एमजीडी की कुल क्षमता वाले 12 डिसेंट्रलाइज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (डीएसटीपी) स्थापित किए जाएंगे, जिससे आसपास की कालोनियों और गांवों का सीवेज सिस्टम पूरी तरह सुधर जाएगा। साथ ही, यातायात को सुगम बनाने के लिए नजफगढ़ नाले के दोनों किनारों पर सड़क संपर्क को मजबूत किया जा रहा है।



## दिल्ली एसआईआर में वोटर बनने की दौड़ तेज, 3.11 लाख से ज्यादा फॉर्म-6 आवेदन; नाम हटाने की 53000 अर्जी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में चल रहे विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआइआर) के दौरान मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 के आवेदन लगातार बढ़ रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) की 22 सितंबर की दैनिक रिपोर्ट के अनुसार, 31 अगस्त से 21 सितंबर के बीच 13 जिलों में फार्म-6 के 99,439 आवेदन मिले। 30 अगस्त तक मिले 2,12,400 आवेदनों को मिलाकर अब तक कुल 3,11,839 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। वहीं, 31 अगस्त से 21 सितंबर के बीच मतदाता



सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-7 के 1,555 आवेदन मिले। पहले के 51,471 आवेदनों को मिलाकर इनकी कुल संख्या 53,026 हो गई है। इसी अवधि में नाम, पता या अन्य विवरण में बदलाव के लिए फार्म-8 के 36,276 आवेदन आए।

पहले के 2,60,768 आवेदनों को मिलाकर अब कुल 2,97,044 फार्म -8 हो चुके हैं। विदेश में रहने वाले भारतीयों से संबंधित फार्म -6ए के भी 190 नए आवेदन मिले हैं। पहले के 1,351 आवेदनों को मिलाकर इसकी कुल संख्या 1,541 हो गई है।

### महिला टीम क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में हारीं पीवी सिंधु

# जापान ने बनाई 1-0 की बढ़त



**इचिनोमिया सिटी ।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को मंगलवार को एशियन गेम्स 2026 के महिला टीम क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में जापान की अकाने यामागुची के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

यह मुकाबला इचिनोमिया सिटी म्युनिसिपल जिम्नेजियम में खेला गया, जहां यामागुची ने सिंधु को हराकर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। पहला गेम टाई-ब्रेक में जीतने के बाद सिंधु तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन यामागुची से 21-23, 21-18, 21-11 से हार गईं, जिससे जापान को क्वार्टर फाइनल में 1-0 की बढ़त मिल गई। उन्नति हुड्डा दूसरे मुकाबले में टोमोका मियाजाकी के खिलाफ भारत के लिए स्कोर बराबर करने की कोशिश करेंगी। इस मैच से पहले, दोनों खिलाड़ी 30 बार आमने-सामने हो चुकी थीं, जिसमें सिंधु 16 जीत के साथ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में आगे थीं। मंगलवार की हार के बाद दोनों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 16-15 हो गया है, जो अभी भी सिंधु के पक्ष में है।

सिंधु ने 6-10 के अंतर को पाटते हुए अच्छा खेल दिखाया और स्कोर 12-12 तक पहुंचाया। इसके बाद 15-18 से पिछड़ने के बाद वापसी की और एक गेम प्वाइंट बचाकर पहला गेम 23-21 से जीता।

# साक्षी ने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता विलेगास को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**निशियो ।** कॉमनवेल्थ गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता साक्षी चौधरी ने मंगलवार को एशियन गेम्स 2026 के शुरुआती राउंड में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता विनर आइरा विलेगास को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

चौधरी ने निशियो जिमनैजियम में अपने एशियन गेम्स डेब्यू में शानदार परफॉर्मेंस देते हुए फिलिपिनो बॉक्सर को 5-0 के एकमत फैसले से हराया। उन्होंने 10-9 के स्कोर के साथ तीनों राउंड एकमत से जीते और दोनों में से बेहतर बॉक्सर थीं। उनके सटीक पंच पेरिस की कांस्य पदक विजेता के लिए संभालना मुश्किल था।

कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट अब प्री-क्वार्टर में पहुंच गई हैं। गुरुवार को उनका मुकाबला मौजूदा 51 किग्रा वर्ल्ड चैंपियन



अलुआ बाल्किबेकोवा से होगा।

साक्षी पहले से ही एक मशहूर बॉक्सर हैं और उन्होंने इस खेल की कुछ बड़ी मुक्केबाजों को हराया है। उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल्स में दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निकहत जरीन और मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा को हराया। उन्होंने ट्रायल्स के सेमीफाइनल में निकहत को हराया, जबकि फाइनल में चैंपियन हुड्डा को हराया।

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में साक्षी ने फाइनल में इंग्लैंड की रूबी व्हाइट को 5-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। एक सफल कॉमनवेल्थ के बाद, साक्षी ने एशियाड पर अपनी नजरें टिकाए रखीं।

साक्षी ने कहा था, 'कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है।

**संक्षिप्त समाचार**

## रोशिबिना देवी क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

### एशियन गेम्स में लगातार तीसरा वुशु मेडल पक्का

**नागोया ।** भारत की रोशिबिना देवी ने महिलाओं के 60 किग्रा वुशु क्वार्टर फाइनल में मकाऊ, चीन की चू मैन सिन को 5-0 से शिकस्त दी। मंगलवार को आइची प्रीफेक्चरल मार्शल आर्ट्स हॉल में इस जीत के साथ रोशिबिना ने एशियन गेम्स में अपना तीसरा मेडल सुनिश्चित कर लिया है। 2018 और 2022 एशियन गेम्स की मेडलिस्ट रोशिबिना ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना तीसरा



कॉन्टिनेंटल मेडल पक्का कर लिया है। उन्होंने प्वाइंट्स के अंतर से मैच 5-0 से अपने नाम करते हुए बुधवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाई। रोशिबिना ने इससे पहले सोमवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश की शिखा खातून को मात देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। मौजूदा एशियन गेम्स में वुशु में भारत का यह पहला पक्का मेडल है। रोशिबिना एशियन गेम्स 2023 में सिल्वर मेडलिस्ट रह चुकी हैं, जब वह सांडा 60 किग्रा कैटेगरी में दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने 2018 जकार्ता खेलों में भी इसी वेट कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उनके अलावा, भारत के आर्यन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं, जो अब मेडल के लिए मुकाबला करेंगे। आर्यन ने पुरुषों के 56 किग्रा प्री-क्वार्टर फाइनल में अफगानिस्तान के साफी शहजादा को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### नेपाली मुक्केबाज को 5-0 से हराकर

## जदुमणि सिंह प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**निशियो ।** एशियन गेम्स 2026 में मंगलवार को भारतीय मुक्केबाज जदुमणि सिंह ने पुरुषों के 55 किग्रा प्रिलिमिनरी राउंड में नेपाल के चंद्र बहादुर थापा को शिकस्त दी। इसी के साथ जदुमणि ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के सिल्वर मेडलिस्ट ने यह बाउट निशियो जिम्नेजियम में जीती। जदुमणि ने शानदार मुकाबला करते हुए थापा पर 5-0 से सर्वसम्मत जीत हासिल की। ??जदुमणि ने मौजूदा वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट के खिलाफ धीमी



शुरुआत की, लेकिन मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा और तीनों राउंड में सटीक पंच से जजों को प्रभावित किया। शुरुआती दो राउंड जीतने के बाद जदुमणि ने अपना दबदबा बनाए रखा और तीसरे राउंड में एक लेफ्ट हुक लगाया, जिससे थापा को 'स्टैंडिंग काउंट' का सामना करना पड़ा। भारतीय बॉक्सर ने तीसरा राउंड भी जीता और तीन 30-27 और दो 29-28 स्कोरकार्ड के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया।

जदुमणि अब शनिवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के बॉक्सर कार्लो पालाम से भिड़ेंगे, जो 2020 टोक्यो ओलंपिक गेम्स के सिल्वर मेडलिस्ट हैं।




एशियन गेम्स वेटलिफ्टिंग

# खत्म हुआ 28 साल का सूखा

**नागोया ।** एशियन गेम्स 2026 में भारत की स्टार महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने अपना पहला सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। मीराबाई ने 28 साल का सूखा खत्म करते हुए देश को वेटलिफ्टिंग में 1998 के बाद पहला एशियन गेम्स मेडल दिलाया है। 49 किलोग्राम वर्ग में मीराबाई ने कुल 198 किलोग्राम का भार उठाते हुए एशियन गेम्स में अपना पहला मेडल जीता। पिछले एशियन गेम्स में वह मेडल लाने से चूक गई थीं और चौथे स्थान पर रही थीं। स्नैच राउंड के अपने पहले प्रयास में मीराबाई ने 83 किलो का वजन उठाया। इसके बाद दूसरे प्रयास में वह 85 किलो का भार उठाने में कामयाब रहीं। तीसरे प्रयास में मीराबाई ने 87 किलो वजन उठाया। क्लीन एंड जर्क राउंड में भी मीराबाई का प्रदर्शन शानदार रहा। मीराबाई ने क्लीन एंड जर्क राउंड के पहले प्रयास में 107 किलो का भार उठाया। वहीं, दूसरी कोशिश में वह 111 किलो का वजन उठाने में सफल रहीं। वहीं, नॉर्थ कोरिया की खिलाड़ी री सोंग-गम ने गोल्ड मेडल को अपने नाम किया। साल 1998 में कर्णम मल्लेश्वरी ने भारत के लिए वेटलिफ्टिंग में आखिरी मेडल जीता था। इसके बाद से कोई भी खिलाड़ी एशियन गेम्स में देश के लिए मेडल नहीं ला सका था। हालांकि, मीराबाई का गोल्ड मेडल जीतने का सपना साकार नहीं हो सका। मीराबाई चानू ने एशियन गेम्स में अपने मेडल का सूखा भी खत्म कर दिया है।



साल 2014 में वह 9वें स्थान पर रही थीं। वहीं, जकार्ता में हुए एशियन गेम्स में मीराबाई चोट के चलते हिस्सा नहीं ले सकी थीं। हांगझोऊ में हुए एशियन गेम्स में मीराबाई ने 49 किलोग्राम वर्ग में हिस्सा लिया था, लेकिन वह चौथे स्थान पर रही थीं और मेडल लाने से चूक गई थीं।

## महिलाओं के बाद भारतीय पुरुष स्कीट टीम का कमाल, ब्रॉन्ज मेडल पर जमाया कब्जा

**नागोया ।** एशियन गेम्स 2026 में महिलाओं के बाद भारतीय पुरुष स्कीट टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। भवतेघ सिंह गिल, अनंतजीत सिंह नारुका और मैराज अहमद खान की तिकड़ी ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए ब्रॉन्ज मेडल को अपने नाम किया है। भारतीय स्कीट टीम ने फाइनल में कुल 346 का स्कोर करते हुए ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। कुवैत ने 348 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया, जबकि कतर की टीम 353



स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीतने में सफल रही। अनंतजीत ने इस स्पर्धा के व्यक्तिगत फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। इससे पहले भारत की महिला स्कीट टीम ने भी देश को इसी स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। परिनाज धालीवाल, रजिया ढिल्लों और माहेश्वरी चौहान ने कुल 331 का स्कोर करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले, शूटिंग में भारत की उम्मीदों को उस समय करारा झटका लगा, जब मनु भाकर 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत इवेंट में मेडल लाने से चूक गईं। मनु 181.1 के स्कोर के साथ फाइनल मुकाबले में पांचवें स्थान पर रहीं। मनु अपने प्रदर्शन से खुद निराश नजर आईं। इसके साथ ही 10 मीटर एयर पिस्टल के टीम इवेंट में भी मनु, ईशा और सुरुचि की तिकड़ी मेडल जीतने से मामूली अंतर से चूक गई। भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही।

# जय मीणा ने रचा इतिहास

### *सॉफ्ट टेनिस में भारत को दिलाया पहला ब्रॉन्ज मेडल*

**नागोया ।** एशियन गेम्स 2026 में जय मीणा ने इतिहास रच दिया है। उन्होने पुरुषों के सॉफ्ट टेनिस में भारत के लिए पहला मेडल जीता है। हालांकि, सेमीफाइनल में उन्हें जापान के ताकुया कुरोसाका से 2-4 से हार का सामना करना पड़ा, जहां वे कुरोसाका से हार गए और ऐतिहासिक ब्रॉन्ज मेडल के साथ अपना सफर खत्म किया। सॉफ्ट टेनिस में मीणा का सफर एक दिलचस्प संयोग से शुरू हुआ। शुरुआत में उनकी रुचि क्रिकेट में थी और वे क्रिकेटर बनना चाहते थे।



सेमीफाइनल में हार के बावजूद वह ब्रॉन्ज मेडल को अपने नाम करने में सफल रहे हैं। मीणा ने क्वार्टर फाइनल में शेरविन नुगुइट के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए एशियन गेम्स में सॉफ्ट टेनिस में भारत का पहला मेडल पक्का किया था। उस मैच में वे आखिरी गेम में पीछे चल रहे थे, लेकिन फिर वापसी करते हुए लगातार चार प्वाइंट जीते और क्वार्टर फाइनल 4-3 से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई,



मगर जब उन्होंने देवास के पायनियर पब्लिक स्कूल में दाखिला लिया, तो वहां बने सॉफ्ट टेनिस कोर्ट ने उनका ध्यान खींचा। पहले वे खिलाड़ियों को खेलते हुए देखते थे और बाद में बॉल बॉय के रूप में मदद करने लगे।

धीरे-धीरे उनकी दिलचस्पी सॉफ्ट टेनिस में बढ़ी और उन्होंने खुद यह खेल खेलना शुरू कर दिया। स्कूल और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं से शुरुआत करने के बाद वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे।

### भारतीय महिला कबड्डी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी

# ईरान को 37-23 से हराया



**नागोया ।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला कबड्डी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय टीम ने कड़े मुकाबले में ईरान को 37-23 से हराते हुए टूर्नामेंट की अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

भारत और ईरान के बीच पहले हाफ में खासतौर पर कांटे की टक्कर देखने को मिली। ईरान ने मुकाबले में शुरुआती बढ़त बनाई। 10-6 के स्कोर पर भारतीय टीम ऑलआउट होने की दहलीज पर थी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी पूजा ने बेहतरीन रेड करते हुए दो प्वाइंट अर्जित किए। पूजा की यह रेड मैच का टर्निंग प्वाइंट साबित हुई और इसके बाद भारतीय टीम ने जबरदस्त वापसी की। जल्द ही भारतीय टीम ने स्कोर को 11-11 से बराबर कर दिया। हाफ टाइम का अंत होने तक भारत ने 19-15 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में भारतीय टीम ईरान के डिफेंस पर पूरी तरह से हावी नजर आई। हालांकि, ईरान के रेडर ऐनाज जोब्रान की तीन प्वाइंट की सुपर रेड ने टीम को मैच में वापस लाने का काम किया।

दबाव में भारतीय डिफेंस और रेडर्स ने कमाल का संयम दिखाया।

## व्यक्तिगत इवेंट में मेडल लाने से चूकीं राइजा ढिल्लों और परिनाज धालीवाल

**नागोया ।** एशियन गेम्स 2026 में महिला स्कीट टीम स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वालीं भारतीय शूटर राइजा ढिल्लों और परिनाज धालीवाल व्यक्तिगत स्पर्धा में देश के लिए मेडल लाने से चूक गईं। राइजा चौथे स्थान पर रहीं जबकि परिनाज ने



आठवां स्थान हासिल किया। तीन दिनों के क्वालिफिकेशन राउंड के बाद राइजा और परिनाज ने 125 में से 111 शॉट लगाकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया और क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर रहीं। हालांकि भारतीय जोड़ी फाइनल में कोई खास असर नहीं दिखा पाई और नतीजतन व्यक्तिगत इवेंट से खाली हाथ लौटीं। टीम इवेंट में परिनाज, राइजा और माहेश्वरी ने क्वालिफिकेशन में कुल 331 का स्कोर किया और पोडियम पर तीसरा स्थान हासिल किया।

# भारत की उम्मीदों को लगा करारा झटका

### मेडल से चूकीं मनु भाकर, फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं

**नागोया ।** दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट शूटर मनु भाकर को एशियन गेम्स में निराशा हाथ लगी है। वह महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत इवेंट में पोडियम तक नहीं पहुंच सकीं और बुधवार को फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं। वहीं, साउथ कोरिया की गाउन चू ने 246.3 के स्कोर के साथ एशियाई रिकॉर्ड और गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता।

चीन की यियाओ शेन (241.3) और रैनक्सिन जियांग (221.6) ने क्रमशः सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पोडियम पर अपनी जगह बनाई। मनु क्वालिफिकेशन राउंड में 579 के स्कोर (जिसमें 20 'इनर 10' शामिल थे) के साथ तीसरे स्थान पर रहकर व्यक्तिगत फाइनल में पहुंची थीं। आठ महिलाओं के फाइनल में उन्होंने 181.1 का स्कोर किया। टीम मेडल से बहुत कम अंतर से चूकने के बाद, महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भारत को कोई मेडल



नहीं मिला। अब मनु अपना ध्यान 25 मीटर पिस्टल इवेंट पर लगाएंगी, जहां वह ईशा और 2018 एशियन गेम्स की चैंपियन राही सरनोबत के साथ शामिल होंगी।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com